RNI N.- BIHBIL/2022/88070 राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7, अंकः 113, शनिवार, 06 जून 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com





विश्व पर्यावरण दिवस पर एमजीसीयू में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, 55 विद्यालय 03



विश्व पर्यावरण दिवस पर 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल का वृहद वृक्षारोपण अभियान 04

भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा ने लाल साड़ी में दिखाया... 07

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में भाजपा छोड़ते ही अन्नामलाई ने बनाई नई पार्टी

- अगला चुनाव लड़ने का ऐलान; कहा- मतभेद थे, आलाकमान ने चुनाव तक रुकने को कहा था



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने शुक्रवार को नई पार्टी बनाने का ऐलान किया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो मैसेज में अन्नामलाई ने कहा कि आज हम एक आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। हमारी राजनीतिक पार्टी तमिलनाडु में 2031 में अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी। मेरे लिए यह तय करना बहुत मुश्किल था कि मैं बीजेपी का सदस्य रहूं या तमिल लोगों से जुड़ा रहूं। मैंने 4 दिसंबर 2025 को पार्टी को बताया कि मैं इस्तीफा देने जा रहा हूं। पार्टी ने मुझसे कहा कि पहले चुनाव हो जाने दें, फिर जाएं। अन्नामलाई ने 2 जून को भाजपा से इस्तीफा दिया था। लेटर शुक्रवार को सामने आया। उन्होंने इस्तीफे की वजह भी बताई है।

**मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में आया था-** पीएम मोदी जी के नेतृत्व से प्रेरित होकर मैं 6 साल पहले भाजपा में शामिल हुआ था। मेरा मकसद तमिलनाडु में बदलाव लाना और राज्य में राजनीति के तौर-तरीकों को बेहतर बनाना था। मैं बीजेपी नेतृत्व का बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझ जैसे युवा और अनुभवहीन व्यक्ति पर भरोसा करके बड़ी जिम्मेदारियां दी।

## नेपाल में हत्या के मामले में बिहार के अररिया का व्यक्ति गिरफ्तार

**काठमांडू/झापा।** नेपाल के झापा जिले के दमक क्षेत्र में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने बिहार के अररिया जिले के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र स्थित सिरसियाकला ग्राम पंचायत निवासी 34 वर्षीय राकेश कुमार पंडित के रूप में हुई है। वह नेपाल के दमक और आसपास के इलाकों में टाइल्स एवं मार्बल लगाने का ठेका कार्य करता था तथा वहीं किराये के मकान में रह रहा था। जिला पुलिस कार्यालय झापा ने पत्रकार सम्मेलन में बताया कि मृतका रमा तिवारी कुछ दिनों से लापता थीं। उनके शव की बरामदगी के बाद शुरू की गई जांच में पुलिस को हत्या के सुराग मिले। करीब 11 दिनों की जांच के बाद पुलिस ने राकेश कुमार पंडित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना से पहले आरोपी और मृतका के बीच परिचय था। दोनों के बीच मुलाकात के दौरान शारीरिक संबंध भी बने थे। पुलिस के अनुसार, पैसों के लेन-देन को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने कथित रूप से महिला का गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने की कोशिश की। पुलिस का कहना है कि उसने शव को मोटरसाइकिल पर लादकर दमक-10 स्थित सेतुमारी क्षेत्र में रतुवा नदी के पुल के नीचे फेंक दिया था, ताकि घटना छिपी रहे। झापा जिला अदालत से पुलिस को आरोपी की रिमांड मिल चुकी है और मामले की आगे की जांच जारी है। आरोपी के खिलाफ हत्या और यौन अपराध से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। इस घटना ने स्थानीय क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, जबकि पुलिस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जांच कर रही है।

# भारत ने दशकों तक अमेरिका का फायदा उठाया

- ट्रम्प बोले-अब हम टैरिफ से खूब पैसा कमा रहे

### कहा-फिर भी डील करेंगे क्योंकि मुझे मोदी पसंद



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रम्प ने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता भी हो सकता है, क्योंकि मैं मोदी को बहुत पसंद करता हूं। मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारे संबंध अच्छे हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।

### भारत-अमेरिका में ट्रेड डील का खाका तैयार

भारत-अमेरिका में फरवरी 2026 में एक अंतरिम व्यापार समझौता पर सहमति बनी थी। इसका मकसद लंबे समय से अटके व्यापारिक मुद्दों को सुलझाना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के कुछ टैरिफ को अवैध बता दिया। इसके बाद साफ नहीं हो रहा था कि कौन से टैरिफ लागू रहेंगे, कौन से नहीं। इसका असर अमेरिका-भारत के व्यापार समझौते पर पड़ा। अब तक अंतरिम व्यापार समझौता फाइनल नहीं हो पाया है।

### अमेरिका भारत पर 12.5 फीसदी टैरिफ लगाने की तैयारी में

समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल भी खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क (टैरिफ) लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में महंगे हो सकते हैं और निर्यातकों पर असर पड़ सकता है। भारत सरकार का कहना है कि अभी इस अतिरिक्त शुल्क को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अमेरिका पहले इस प्रस्ताव पर लोगों और संबंधित पक्षों की राय लेगा, उसके बाद ही अंतिम निर्णय करेगा।

## बरहामपुर से चुनाव लड़ना चाहती हैं ममता बनर्जी!

### मांगा यूसुफ पठान से इस्तीफा पूर्व क्रिकेटर का इनकार

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल चुनावों में करारी हार और विधायकों में विधायकों के बागी गुट बना लेने के बाद ममता बनर्जी अपने सियासी जीवन में सबसे मुश्किल वक्त से गुजर रही हैं। अटकलें लग रही है कि विधायकों की तरह ही सांसदों में भी बगावत हो सकती है। इसकी अटकलें कोलकाता से दिल्ली तक लग रही हैं। संभावना जताई रही है कि मानसूत्र सत्र से पहले खेला हो सकता है। इस सब के बीच पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बड़ी चर्चा सामने आई है। इसमें कहा जा रहा है कि टीएमसी पार्टी को बचाने के लिए ममता बनर्जी खुद लोकसभा सदस्य बनना चाहती हैं। वह बहरामपुर से चुनाव लड़ना चाहती हैं। अभी यहां से पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान सांसद हैं। टीएमसी के पास 28 लोकसभा सांसद और 13 राज्यसभा एमपी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ममता बनर्जी ने बेहरामपुर से चुनाव लड़ने के लिए यूसुफ पठान से इस्तीफा देने को कहा, जिसे पूर्व क्रिकेटर ने खारिज कर दिया है।



### यूसुफ पठान सीट खाली करने को नहीं तैयार

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो ममता बनर्जी भले ही बहरामपुर से लड़ना चाहती हैं लेकिन गुजरात के वडोदरा के रहने वाले यूसुफ पठान इसके लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने इस्तीफा देने की संभावना से इनकार कर दिया है। 2024 लोकसभा चुनावों में यूसुफ पठान ने ममता बनर्जी के बल पर ही बरहरामपुर से जीत हासिल की थी। तब उन्होंने कांग्रेस के कद्दावर नेता अधीर रंजन चौधरी को हराया था। बहरामपुर सीट 70 फीसदी मुस्लिम बहुल है।



# दोषी है तो फांसी दे दो, सड़क पर तमाशा क्यों?

- कमर में रस्सी बांधकर घुमाने पर हाईकोर्ट सख्त
- वेस्ट बंगाल की बीजेपी सरकार को लगाई फटकार

**कोलकाता (एजेंसी)।** अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि अपराधी होने का आरोप किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों को समाप्त नहीं करता। इसलिए पुलिस को कानून के दायरे में रहकर कार्रवाई करनी चाहिए और किसी आरोपी को सार्वजनिक रूप से अपमानित नहीं किया जा सकता। बंगाल में भाजपा सरकार के आने के बाद अपराध पर लगाम की तैयारी है।



### पुलिस किसी का सम्मान नहीं छीन सकती

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कानूनी कार्रवाई और सार्वजनिक अपमान के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया। अदालत ने माना कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना प्रशासन का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर किसी व्यक्ति की गरिमा और मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता। जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने पुलिस के इस रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए कहा, पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकती है। अगर वे दोषी पाए जाते हैं तो अदालत उन्हें फांसी तक की सजा दे सकती है। लेकिन गिरफ्तारी के नाम पर आत्मसम्मान को चोट नहीं पहुंचा सकती है।

### भाजपा सरकार बनने के बाद बदला पुलिस का तरीका

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के गठन और तृणमूल शासन के अंत के बाद राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधारने की प्रक्रिया शुरू हुई है। सरकार का दावा है कि रंगदारी, भ्रष्टाचार और सिंडिकेट राज से जुड़े असामाजिक तत्वों के खिलाफ राज्य पुलिस ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है। हालांकि, हाईकोर्ट में दायर याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि अपराध के खिलाफ कार्रवाई के नाम पर कुछ मामलों में पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया की सीमाओं को पार किया है। इसी संदर्भ में अदालत ने आरोपियों को रस्सी बांधकर सार्वजनिक रूप से घुमाने की घटनाओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है और स्पष्ट किया है कि कानून का पालन करते हुए ऐसा न हो।

# 1.76 लाख बूथ पालक, 27633 शक्ति केंद्र

- यूपी में बंगाल जैसी जीत के लिए बीजेपी का मेगा प्लान
- यूपी चुनाव से पहले एक नई टीम बनाना चाहती है भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल और असम में हुए हालिया विधानसभा चुनाव नतीजों से गदगद भाजपा अब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में न सिर्फ जीत की हैट्रिक लगाने का ख्वाब देख रही है बल्कि बंगाल जैसी प्रचंड जीत की कोशिशों में जुट गई है। हालांकि, यूपी में विधानसभा चुनाव होने में अभी करीब एक साल बाकी हैं, लेकिन पार्टी ने अभी से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। पश्चिम बंगाल और असम चुनावों में 'माइक्रो-मैनेजमेंट' मॉडल की सफलता से उत्साहित भाजपा अब इसे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर लागू करने जा रही है।



इसी रणनीति के तहत पार्टी ने राज्यभर में लगभग 1.76 लाख बूथ पालक नियुक्त करने और जमीनी स्तर पर संगठन को सक्रिय करने का फैसला किया है। हाल ही में लखनऊ में बैठक हुई है।

### जिलाध्यक्षों को निर्देश, बंगाल मॉडल अपनाएं

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने सभी जिला प्रमुखों को निर्देश दिया है कि वे बूथ समितियों, पन्ना प्रमुखों, शक्ति केंद्रों और स्थानीय स्तर के राजनीतिक अभियानों पर नए सिरे से ध्यान देते हुए उत्तर प्रदेश में बंगाल चुनाव मॉडल को अपनाएं। बीजेपी का लक्ष्य आगामी महीनों में राज्य के सभी 1,62,459 विधानसभा बूथों का आंकलन करना है, जिसमें 1,918 मंडलों में फैले 27,633 शक्ति केंद्र भी शामिल हैं। इस कवायद में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन के बाद बनाए गए लगभग 14,000 नए बूथ भी शामिल होंगे। पार्टी नेताओं ने निर्देश दिया कि वे तुरंत बूथ समितियां बनाएं।

### हाइपर-लोकल लेवेल पर चुनाव प्रचार

इन दोनों उपायों के अलावा सूक्ष्म स्तर तक मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए भाजपा ने बूथों का वर्गीकरण करने का भी फैसला किया है। इसके तहत सभी बूथों को मजबूत, प्रतिस्पर्धी और कमजोर श्रेणियों में बांटा जाएगा ताकि कमजोर क्षेत्रों में अतिरिक्त संसाधन और निगरानी तैनात की जा सके। इसके अतिरिक्त भाजपा हाइपर-लोकल लेवेल पर चुनाव प्रचार करने की योजना पर भी काम कर रही है। इसके तहत स्थानीय मुद्दों के आधार पर बूथ स्तर पर विशेष प्रचार अभियान चलाया जाएगा। लखनऊ से दिल्ली तक बैठकों के दौर में सांगठनिक कामकाज को धार देने के लिए जोन वाइज प्रभारियों की नियुक्ति पर भी विचार चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान सामने आई कमियों को दूर करने पर भी ध्यान दिया गया।

- **बीजेपी का मेगा प्लान, चार बातों पर ध्यान-** पार्टी ने प्रचंड जीत की रणनीति बनाते हुए चार प्रमुख बातों पर ध्यान दिया है। इसके तहत पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति करने, शक्ति केंद्रों की स्थापना करने, बूथों का वर्गीकरण करने और हाइपर-लोकल लेवेल पर चुनाव प्रचार करने का फैसला किया गया है। बता दें कि पन्ना प्रमुख प्रणाली में हरेक पन्ना प्रमुख को मतदाता सूची के एक पन्ने पर दर्ज 30 से 35 मतदाताओं की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिनसे वे नियमित संपर्क बनाए रखेंगे। इसके अतिरिक्त शक्ति केंद्र प्रणाली में 5 से 7 बूथों के समूहों को मिलाकर एक शक्ति केंद्र बनाने और उसके लिए एक समन्वयक तैनात किए जाने की योजना है, जो अनिश्चित मतदाताओं को प्रभावित करने का काम करेंगे।
- **एसआईआर के मद्देनजर विशेष निर्देश-** इन सबसे अलग विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) को ध्यान में रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को खास निर्देश दिया है कि वे उन पात्र मतदाताओं की पहचान करें, जिनके नाम मतदाता सूची से गायब हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश दिया है कि कार्यकर्ता फॉर्म-6 के माध्यम से उन मतदाताओं के नाम जुड़वाने में उनकी मदद करें। साफ है कि 2027 के महा रण में भाजपा उत्तर प्रदेश की सत्ता में बने रहने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही।

## मणिपुर फिर दहला! तीन ग्रामीणों की हत्या

- भारी हथियारों के साथ आए उग्रवादी, सात घर फूंके



**कांगपोकपी (एजेंसी)।** मणिपुर में जातीय तनाव और हिंसा का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार तड़के राज्य के कांगपोकपी जिले में एक बड़ा संदिग्ध उग्रवादी हमला हुआ है। इस खौफनाक वारदात में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घरों को आग के हवाले कर दिया गया। राज्य में कुकी जनजातियों के शीर्ष निकाय कुकी इनपी मणिपुर ने इस घटना की जानकारी दी है। संगठन की ओर से जारी एक प्रेस बयान के मुताबिक, शुक्रवार तड़के करीब 4 बजे भारी हथियारों से लैस उग्रवादियों ने लोइबोल खुल्लेन गांव पर हमला कर दिया। संगठन ने आरोप लगाया है कि इस वारदात को उग्रवादी और उसके प्रॉक्सी संगठन के कैडरों ने अंजाम दिया है। संगठन के मुताबिक, इस हमले में तीन नागरिकों की जान चली गई, सात घर जलकर खाक हो गए और लोगों की संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है।

- **मणिपुर में 6 नागा बंधकों की रिहाई की मांग तेज-** मणिपुर में जारी संकट के बीच अब 6 नागा नागरिकों के अपहरण का मुद्दा गरमा गया है। इन बंधकों की सुरक्षित वापसी के लिए राज्य में लगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं और सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। ऑल नागा स्टूडेंट्स एसोसिएशन, मणिपुर ने शुक्रवार को राज्य सरकार से मांग की है कि वह सभी छह नागा बंधकों को तुरंत रिहा कराए और उन्हें उनके परिवारों को सौंपे।
- **महिलाओं ने निकाला विरोध मार्च, राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन-** इससे पहले 28 मई को ऑल मणिपुर नुपी मारुप नाम के संगठन ने बंधकों की रिहाई की मांग को लेकर इंफाल के इरावत भवन पर एक बड़ी विरोध रैली निकाली थी। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर अपहरण की घटनाओं को रोकने की अपील की।

## पोक्सो कांड में अपहृता बरामद, मेडिकल जांच के बाद बालिका गृह भेजी गई

**हरसिद्धि।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र से जुड़े पोक्सो कांड में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना कांड संख्या 58/26, दिनांक 24 जनवरी 2026, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 96 एवं 137(2) तथा पोक्सो एक्ट की धारा 8/12 के तहत दर्ज किया गया था, उसमें अपहृत किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। मामले की अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारी शिखा कुमारी ने कार्रवाई करते हुए किशोरी को मोतिहारी से बरामद किया। बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए किशोरी का बयान दर्ज कराया तथा मेडिकल जांच कराई।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मेडिकल जांच एवं अन्य औपचारिकताओं के उपरांत किशोरी को सुरक्षा एवं संरक्षण के मद्देनजर बालिका गृह भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोक्सो जैसे संवेदनशील मामलों में पुलिस पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रही है तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। वहीं, क्षेत्र में इस घटना को लेकर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच जारी है और अनुसंधान के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पूरी हुई पवन खेड़ा की तपस्या, मिला टिकट

- राज्यसभा चुनाव
- हिमंत से भिड़ने का पार्टी ने दिया बड़ा ईनाम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस पार्टी ने पवन खेड़ा को राज्यसभा का टिकट दिया है। इस खबर को महज एक हार्ड न्यूज नहीं कहा जा सकता। वजह यह है कि इस टिकट के पीछे पवन खेड़ा की सालों की तपस्या है। वैसे तो पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस और न्यूज चैनलों पर वे सालों से पार्टी का पुरजोर तरीके से पक्ष रखते आ रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में उनकी मानो एक फायरब्रैंड कांग्रेसी के रूप में छवि बन गई है। अब राज्यसभा टिकट के रूप में उन्हें पार्टी आलाकमान से बड़ा इनाम मिला है। गौरतलब है कि कांग्रेस आलाकमान ने 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए जारी अपनी 7 उम्मीदवारों की सूची में पवन खेड़ा का नाम शामिल किया है। उन्हें कर्नाटक से मैदान में उतारा गया है। इसके साथ ही पवन खेड़ा अपने संसदीय पारी की शुरुआत भी करने जा रहे हैं। उन्हें राज्यसभा



टिकट मिलते ही राजनीतिक गलियारों में एक वाक्य खूब प्रसिद्ध हो रहा है-पवन खेड़ा की तपस्या पूरी हुई। कांग्रेस के सबसे मुखर चेहरों में शामिल पवन खेड़ा पिछले कई मौकों पर राज्यसभा टिकट की रेस में आगे रहे थे।

### हिमंत से ली थी सीधी टक्कर

पिछले कुछ महीनों में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ तीखे राजनीतिक और कानूनी विवादों का सामना करने के बावजूद खेड़ा फ्रंटफुट पर रहकर पार्टी का पक्ष रखते रहे। उनपर गिरफ्तारी की तलवार भी अटकी। पिछले महीने जब हिमंत की पत्नी से जुड़े मानहानि और जालसाजी के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी, तब दिल्ली पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत हुआ था। इस दौरान 'शेर आया, शेर आया' के नारे भी लगे। पूरे घटनाक्रम से उनकी जुझारू नेता के रूप में छवि और मजबूत हुई। लोग टिकट को हिमंत से सीधी टक्कर का ईनाम भी कह रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'घटना में जो भी दोषी होगा, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा', प्राइवेट हॉस्पिटल अग्निकांड पर बोले स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार

**हाजीपुर**। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में हुए अग्निकांड पर बयान दिया है। वैशाली में उन्होंने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना दुखद है और प्रभावित परिवारों के लिए यह कठिन समय है। दरअसल जिला प्रभारी और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार बीस सूत्री की बैठक में भाग लेने के लिए वैशाली पहुंचे थे। कार्यक्रम के समाप्ति के बाद मीडिया से बात करते हुए निशांत ने आग की घटना पर बयान दिया है। निशांत कुमार ने बताया कि घटना में घायल हुए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और डॉक्टर उनके उपचार में लगे हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस घटना में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### मंत्री संजय सिंह ने वैशाली में किया पौधारोपण, विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**हाजीपुर**। वैशाली में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री संजय सिंह और लखेंद्र रौशन ने पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और सभी से एक-एक पौधा लगाने की अपील की। यह कार्यक्रम वैशाली में आयोजित किया गया, जहाँ दोनों मंत्रियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। इस मौके पर एनडीए के कार्यकर्ता भी मौजूद थे। पीएचईडी मंत्री संजय सिंह ने कहा कि पौधे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाएगा, तो पूरा बिहार हरा-भरा और स्वच्छ हो जाएगा। अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र रौशन ने कहा कि पर्यावरण दिवस के साथ-साथ आज संपूर्ण क्रांति दिवस भी है। उन्होंने सभी से एक-एक पौधा लगाने का आग्रह किया और विशेष रूप से कहा कि जिनके माता-पिता हैं या नहीं हैं, उन्हें भी पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने वृद्ध व्यक्तियों से भी पौधारोपण करवाने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान एनडीए कार्यकर्ताओं ने दोनों मंत्रियों का मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मंत्री संजय सिंह ने दिवंगत राम विलास पासवान की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भी दी।



### सोनपुर मंडल ने ई-वेस्ट जागरूकता अभियान चलाया, विश्व पर्यावरण दिवस पर सतत अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा दिया

**हाजीपुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सोनपुर मंडल ने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता और संरक्षणात्मक गतिविधियों का आयोजन किया। इस पहल के तहत ई-वेस्ट जागरूकता और सतत अपशिष्ट प्रबंधन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान, अधिकृत रीसाइक्लर्स के माध्यम से ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) संग्रहण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों को ई-वेस्ट के सुरक्षित और वैज्ञानिक निपटान की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही इसके पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों से अवगत कराया गया। इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित संग्रहण और पुनर्चक्रण के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, सतत अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी उपायों के रूप में रीसाइक्लिंग और कम्पोस्टिंग को प्रोत्साहित किया गया। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग और जैविक अपशिष्ट से कम्पोस्ट बनाने जैसी पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में स्वस्थ और पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इसका उद्देश्य प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना और प्रदूषण को कम करना है। सोनपुर मंडल की इस पहल का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण को मजबूत करना, सतत विकास को बढ़ावा देना और स्वच्छ, हरित तथा स्वस्थ भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना है।




### प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड में बड़ी कार्रवाई, मेंटेनेंस हेड, एडमिन और आईसीयू में तैनात डॉक्टर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के प्रसाद हॉस्पिटल अग्निकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक मेंटेनेंस हेड, एडमिन और एक डॉक्टर शामिल है। ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र स्थित अस्पताल के आईसीयू वार्ड आग लग गई थी। इस घटना में 6 लोगों की मौत हो गई, बाकी का रेस्क्यू किया गया। कई मरीज शहर के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने अस्पताल में निरीक्षण के बाद केस और कार्रवाई की बात कही थी। अब पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट किया है। इन पर लापरवाही का आरोप है। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि मामले में 177/26 केस दर्ज किया गया है। यह केस अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी के आवेदन पर दर्ज किया गया। घटना में 6 लोगों की मौत हो गई है। मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इनमें एक मेंटेनेंस हेड, एडमिन और एक डॉक्टर, जिनकी आईसीयू में ड्यूटी थी। सिटी एसपी के अनुसार इन तीन लोगों की लापरवाही के कारण कुछ लोगों की जान गई है। मामले में अस्पताल के डायरेक्टर की भी जांच चल रही है। बिल्डिंग में किसी तरह के कानून का उल्लंघन है या नहीं। इसके साथ ही बिल्डिंग का फायर ऑडिट भी कराया जा रहा है। इससे पहले फायर ऑडिट सही तरीके से हुआ था या नहीं। इसकी जांच चल रही है। अगर इन चीजों में लापरवाही पाई गई तो हॉस्पिटल के ऑनर को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।




### शूटर गोविंद शर्मा हत्याकांड में दूसरा आरोपी गिरफ्तार, ओंकार के बाद पुलिस ने बाबुल को दरभंगा से पकड़ा

**मुजफ्फरपुर**। गोविंद शर्मा हत्याकांड में दूसरे आरोपी बाबुल चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरभंगा एयरपोर्ट से बाबुल चौधरी को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि वो कहीं बाहर जाने की तैयारी में था। इसी बीच पुलिस ने पकड़ लिया। 31 मई की देर रात मर्डर के 12 घंटे बाद एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जो कथित तौर पर बाबुल चौधरी का बताया गया था। ऑडियो में बाबुल चौधरी ने हत्याकांड की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद मामले में गोविंद की पत्नी ने एफआईआर में बाबुल चौधरी को भी नामजद किया था। मुजफ्फरपुर में शॉर्प शूटर हत्याकांड की जिम्मेदारी लेने वाले बाबुल चौधरी कभी गोविंद शर्मा के साथ मिलकर रंगदारी, हत्याकांड जैसे मामलों में शामिल रहा था। हत्याकांड की जिम्मेदारी वाला एक ऑडियो भी सामने आया था, जिसे लेकर दावा किया जा रहा है कि ऑडियो बाबुल चौधरी का है, जिसमें वो बता रहा है कि ठेकेदारी, टेंडर और प्रॉपर्टी डिलिंग के काम में गोविंद डिस्टर्ब कर रहा था। अगस्त 2022 में प्रॉपर्टी डीलर विजेंद्र कुमार की ओर से दर्ज कराई गई FIR के मुताबिक, गोविंद के साथ मिलकर बाबुल चौधरी ने 50 लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इसका जिक्र खुद सामने आए ऑडियो में बाबुल चौधरी ने किया है। बाबुल चौधरी का ये ऑडियो गोविंद शर्मा की हत्या के 12 घंटे बाद सामने आया। हालांकि इस ऑडियो की सत्यता की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस इसे जांच का विषय मान रही है।

# पटना में रिटायर्ड कर्मी से 51.75 लाख की साइबर ठगी

एजेंसी, पटना



❒ **स्टॉक मार्केट में 30% मुनाफे का दिया झांसा, रकम निकालने की कोशिश करने पर खुली पोल**

जधानी पटना में साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक निजी कंपनी से रिटायर्ड कर्मचारी को स्टॉक मार्केट में भारी मुनाफे का लालच देकर साइबर अपराधियों ने करीब 51.75 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित ने पटना साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने अपने परिवार को बिना बताए इन्वेस्टमेंट किया था। उन्होंने दैनिक भास्कर से अपनी पहचान और पता गोपनीय रखने का अनुरोध किया है, ताकि उनके परिजन अनावश्यक रूप से परेशान न हों।

**अनजान कॉल से शुरू हुआ ठगी का खेलः** साइबर DYSP नीतीश चंद्र धारिया ने बताया ,कि पीड़ित के पास एक अननोन पर्सन का कॉल आया। उसने खुद को स्टॉक मार्केट का जानकार बताया। इसके बाद पीड़ित से उसकी बातचीत होने लगी। उसने बताया कि अगर आप स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करते हैं, तो 30 प्रतिशत मुनाफे के साथ आपके रुपए वापस मिल जाएंगे।

**किस्तों में लगाए लाखों रुपयेः** इस झांसे में आकर पीड़ित फरवरी 2026 से लगातार उसके बताए अनुसार किश्तों में इन्वेस्टमेंट कर रहे थे। बीच बीच में कुछ रुपए 1000 -2000 पीड़ित ने मुनाफे के तौर पर निकाले थे, जिससे भरोसा और बढ़ गया।

**रकम निकालने कोशिश की तब खुली ठगी की पोलः** इसके बाद 2-4 रोज पहले जब अपने इनवेस्टमेंट के रुपए निकालने का प्रयास कर रहे थे, तो निकल नहीं रहे थे। इसके बाद उन्होंने उस शख्स से संपर्क किया। उधर से शातिरों ने पीड़ित को बताया कि अकाउंट लॉक हो गया है और इन्वेस्ट करने पर अनलॉक होगा। तब आप रुपए निकाल पाएंगे। इससे पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ।

**जांच में जुटी पुलिसः** पीड़ित ने थाने आकर आवेदन दिया है। साइबर पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि रकम किन खातों में ट्रांसफर की गई और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोग कौन हैं।

## बिहार के 12 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट, 26 जिलों में हीटवेव की चेतावनी

एजेंसी, पटना



♦ **42 डिग्री तक जा सकता है पारा, 15 जून तक मानसून की एंट्री**

बिहार के मौसम में अगले 72 घंटे बेहद चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। उत्तर बिहार में आंधी और वज्रपात का अलर्ट तो दूसरी तरफ दक्षिण बिहार के लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले तीन दिनों में पारा 2 से 3 डिग्री तक और ऊपर जाएगा। बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल में भीषण लू चलने की आशंका है। 7 और 8 जून को यह पटना, गया, नालंदा, जहानाबाद, नवादा, लखीसराय और बेगूसराय तक पहुंच जाएगी। यहां तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहेगा। 7 से 10 जून के बीच पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चलने और वज्रपात का अलर्ट है।

वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र ने आज यानी शुक्रवार को बिहार के 12 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। इसके साथ ही आकाशीय बिजली भी गिरने की आशंका है।

**बिहार में मानसून कब पहुंचेगाः** दक्षिण-पश्चिम मानसून गुरुवार को केरलम पहुंच गया है। आमतौर पर मानसून केरलम पहुंचने के करीब 10 से 15 दिन बाद बिहार में प्रवेश करता है। वर्तमान प्रगति को देखते हुए बिहार में मानसून की एंट्री 15 से 20 जून के बीच होने की संभावना है।

मानसून अगले 2-3 दिन में गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु के अधिक हिस्सों को कवर कर सकता है। साथ ही बंगाल की खाड़ी के कुछ और हिस्से के साथ पूर्वोत्तर राज्यों में भी आगे बढ़ने की संभावना है।

## बाढ़ में डायन बताकर महिला और परिवार की पिटाई

एजेंसी, पटना



पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र के राणाबीघा गांव में डायन बिसाही का आरोप लगाकर एक महिला और उसके परिजनों की लाठी-डंडों से पिटाई की गई। घटना गुरुवार देर रात की है। घायल महिला मधु देवी का बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार चल रहा है।

**लोहे की रॉड और डंडों से बेरहमी से पीटने का आरोपः** मधु देवी मंदिर से पूजा कर घर लौट रही थीं, तभी लाठी-डंडों से लैस नागो सिंह और गणेश सिंह समेत कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। महिला को पिटता देख उनकी बेटी गुड़िया और परिवार के अन्य सदस्य बचाने दौड़े। हमलावरों ने मंदिर के पास ही मधु देवी, उनके पति मिथिलेश सिंह, बेटी और दामाद को लोहे की रॉड और डंडों से बेरहमी से पीटा। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, मधु देवी के पड़ोस में कुछ दिन पहले एक महिला की बीमारी से मौत हो गई थी। मृतका के पति मनोरंजन सिंह ने मधु देवी पर टोना-टोटका कर अपनी पत्नी को मारने का आरोप लगाया है। मनोरंजन सिंह सरकारी विभाग में कार्यरत हैं।

**दोनों पक्षों में पहले से चल रहा विवादः** मधु देवी ने बताया कि नागो सिंह ने कुछ साल पहले उनकी जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। वे अक्सर उनके परिवार के साथ किसी न किसी बहाने मारपीट करते रहते थे। मधु देवी ने डायन बिसाही के आरोप में जानलेवा हमला करने का मामला बाढ़ थाने में दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटना में खान सर की गिरफ्तारी के लिए रेड

## कोचिंग के बाहर समर्थन में छात्रों का हंगामा, पुलिस की अपील- बहकावे में ना आएं

एजेंसी, पटना




पटना में खान सर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कदमकुआं थाने में फैसल खान उर्फ खान सर के खिलाफ हत्या की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। खान सर के गार्ड्स ने पुलिस को बयान दिया है कि उन्होंने हमें कहा तुम गोली चलाओ बाकी हम देख लेंगे। इसी आधार पर पुलिस ने खान सर के खिलाफ FIR दर्ज की है। BNS की धारा 109 के तहत ये केस दर्ज किया गया है। इसमें 10 साल तक की जेल और जुर्माने का प्रावधान है। इसमें अग्रिम जमानत भी नहीं मिल सकती है।

FIR के बाद खान की कोचिंग पर उनके वकील पहुंचे। इधर, लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर IG ऑफिस में पुलिस की हाई लेवल मीटिंग हुई। पुलिस ने छात्रों से अपील की है कि वो किसी कोचिंग सेंटर के बहकावे में ना आएं। वहीं, सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स खान सर के कोचिंग के बाहर जुटे और समर्थन में नारेबाजी की। दरअसल, 2 जून की रात पटना स्थित खान सर की कोचिंग पर हमला हुआ था। घटना के दौरान उनके बॉडीगार्ड्स के फायरिंग किए जाने का वीडियो सामने आया था। मामले में पुलिस पहले ही दोनों बॉडीगार्ड्स को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है और खान सर से भी पूछताछ की जा चुकी है।

**पहले पुलिस की तारीफ की, अब बोले- पुलिस लेट आईः** हमले वाले दिन खान सर ने पुलिस की जमकर तारीफ की थी। अब उन्होंने कहा कि पुलिस लेट पहुंची। गार्ड्स के फायरिंग वाले वीडियो पर खान सर ने कहा, मारपीट हो रही थी। मुझे पता था पुलिस को पहुंचने में समय लगेगा। पुलिस वहां उड़कर तो नहीं पहुंचती, इसलिए गार्ड्स ने सेल्फ डिफेंस में फायरिंग की। गार्ड क्यों रखते हैं ताकि समय पड़े तो लोगों को बचा सकें। जब तक पुलिस नहीं आई थी तब तक एक बॉडीगार्ड को क्या करना चाहिए था। क्या गार्ड्स ने किसी पर फायरिंग की।

**बच्चों से खान सर बोले- कोचिंग बंद हुई तो फीस बढ़ जाएगीः** इससे पहले खान सर का एक नया वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो क्लासरूम में बच्चों को अपने कोचिंग पर हुए हमले के बारे में बता रहे हैं। वो सीसीटीवी फुटेज दिखाकर बच्चों को बता रहे हैं कि जो कोचिंग के गार्ड को लेकर जा रहा है उसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है। मुद्दे से भटकाया जा रहा है।

खान सर ने ये भी कहा कि अगर खान ग्लोबल स्टडीज बंद हो गया तो अगले 6 महीनों में कई कोचिंग संस्थानों की फीस एक लाख से डेढ़ लाख रुपए तक पहुंच जाएगी। मेरा मकसद पैसा कमाना नहीं है। खान सर क्लासरूम में बच्चों को बता रहे हैं कि कोचिंग के गार्ड को बेरहमी से पीटा गया। 20-25 लोगों ने उसे सड़कों पर पीटा। वो क्लासरूम में फीस घटाने की भी बात कर रहे हैं। खान सर एक किताब लेकर आते हैं और कहते हैं विद्या की कमस खाकर कहता हूं उस दिन फायरिंग हुई थी।

# वर्धमान क्षेत्र में मैनहोल टूटी, मीठापुर बी-टाइप में हुआ जलजमाव, नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

एजेंसी, पटना



आगामी मानसून को देखते हुए आज पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने वार्ड पार्षदों के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। शुक्रवार को नगर आयुक्त ने नूतन राजधानी अंचल और बांकीपुर अंचल के विभिन्न वार्डों का दौरा कर मानसून पूर्व तैयारियों, नाला उड़ाही कार्यों और जलनिकासी व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ ही पटना मेयर सीता साहू, डिप्टी मेयर रेशमी चंद्रवंशी और नगर निगम के सभी 75 वार्ड पार्षदों के लिए भत्ता की राशि का आवंटन कर दिया गया है। इस संबंध में नगर आयुक्त द्वारा कुल 8.38 लाख रुपये की राशि स्वीकृत और आवंटित की गई है। यह आवंटन सितंबर 2025 से दिसंबर 2025 की अवधि के लिए किया गया है।

**वर्धमान क्षेत्र में मैनहोल टूटी, मीठापुर बी-टाइप में हुआ जलजमावः** इस निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 19 स्थित वर्धमान क्षेत्र में पाया गया कि पुल निर्माण निगम द्वारा चलाए जा रहे निर्माण कार्यों के दौरान एक महत्वपूर्ण मैनहोल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके कारण मीठापुर बी-टाइप और वार्ड संख्या 18 के आसपास जलनिकासी प्रभावित हो रही है और जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर आयुक्त ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए पुल निर्माण निगम और बुडको को प्राथमिकता के आधार पर नए मैनहोल का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वार्ड संख्या 16 में झुनझुन महल जनता रोड से बाइपास तक निर्माणाधीन सड़क परियोजना का निरीक्षण करते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित एजेंसी को 15 जून तक परियोजना का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि मानसून के दौरान स्थानीय नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। वहीं, वार्ड संख्या 15 के ब्रह्मस्थान क्षेत्र में बुडको द्वारा निर्माणाधीन बॉक्स ड्रेन परियोजना का भी निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि मानसून शुरू होने से पूर्व शेष सभी कार्यों को पूरा किया जाए।

**15 जून तक बाकरगंज नाला में जल प्रवाह होने चाहिए सुचारुः** इस निरीक्षण के दौरान कदमकुआं, भंवर पोखर सहित अन्य क्षेत्रों में चल रहे नाला उड़ाही कार्यों की भी समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने स्वयं मौके पर सिल्ट लेवल की जांच कर सफाई कार्यों की गुणवत्ता का आकलन किया गया। वार्ड संख्या 36 स्थित पीरमुहानी सम्प के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने बुडको के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 जून तक बाकरगंज नाला में मौजूद सभी अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को पूरी तरह सुचारु किया जाए। वार्ड संख्या 38 में ए.एन. पथ और कांग्रेस मैदान क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क की पिचिंग के दौरान पूर्व से निर्मित कई मैनहोल ढक दिए गए हैं, जिससे भविष्य में जलनिकासी व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर सभी क्षतिग्रस्त एवं ढंके हुए मैनहोलों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त कराने का निर्देश दिया।

## मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला को ट्रक ने कुचला, मौत

एजेंसी, पटना



❒ **बाढ़ में हादसे के बाद गड्ढे में जा पलटा ट्रक, फरार ड्राइवर की तलाश जारी**

पटना जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत मरांची थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मॉर्निंग वॉक कर रही महिला को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 52 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसा बादपुर गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ था। मृतका की पहचान मरांची इंग्लिश गांव निवासी बच्ची देवी (52), पति सुरेश साव के रूप में हुई है।

परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार, बच्ची देवी रोजाना की तरह सुबह टहलने निकली थीं। इसी दौरान लखीसराय से मोकामा की ओर जा रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर एनएच किनारे एक गड्ढे में लुढ़क गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि चालक को झपकी आने के कारण ट्रक पर नियंत्रण नहीं रहा, जिससे यह दुर्घटना हुई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही मरांची थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि हादसा सुबह करीब साढ़े पांच बजे हुआ।

## सम्राट सरकार ने लालू-राबड़ी की जेड+ सुरक्षा खत्म की

एजेंसी, पटना



सम्राट सरकार की तरफ से राबड़ी आवास को खाली करने का नोटिस दिया गया है। इस बीच लालू परिवार की सुरक्षा घटा दी गई है। RJD के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनकी पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी की जेड प्लस सिक्योरिटी खत्म कर दी गई है। दोनों को अब बिहार पुलिस की विशेष सुरक्षा व्यवस्था दी गई है, जिसमें एस्कॉर्ट, बुलेट प्रूफ कार और 8 से 16 गार्ड शामिल हैं। लालू यादव के बेटे और जनशक्ति जनता दल (JJD) के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव की भी Y कैटेगरी की सुरक्षा खत्म कर दी गई है। सरकार ने अब उन्हें सिर्फ एक बॉडीगार्ड दिया है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, उनकी पत्नी राजश्री और बहन मीसा भारती की सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेजस्वी पहले की तरह वाई प्लस श्रेणी की सिक्योरिटी (एस्कॉर्ट) के साथ मिलती रहेगी। हालांकि, उसमें अब बीसैप के 1-4 हाउस गार्ड, पटना जिला बल से 6 बॉडीगार्ड और एस्कॉर्ट पार्टी के सदस्य शामिल होंगे। लालू की बड़ी बेटी एवं आरजेडी सांसद मीसा भारती को पूर्व की तरह 3 बॉडीगार्ड मिलते रहेंगे। वहीं, तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री को एक महिला बॉडीगार्ड दी गई है। पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को अब तक जेड प्लस सुरक्षा मिलती आ रही थी। सम्राट सरकार ने अब इसमें बदलाव करते हुए विशेष सुरक्षा व्यवस्था दे दी है।

# मोदी सरकार के 12 साल होने पर भाजपा का महाअभियान

एजेंसी, पटना



♦ **5-21 जून तक बिहार में चलेगा पखवाड़ा, मोदी सरकार की उपलब्धियां घर-घर पहुंचाएगी पार्टी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बिहार में 5 जून से 21 जून तक "विकास, विश्वास और जनकल्याण" पखवाड़ा आयोजित करेगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

**4399 दिन तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्डः** संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 4399 दिनों तक प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के लगातार प्रधानमंत्री रहने के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ दिया है। पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।

**92 हजार से अधिक बूथों पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियानः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा बिहार के 92 हजार से अधिक बूथों पर "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व के प्रति सम्मान का संदेश देना है। भाजपा पूरे बिहार में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाएगी। इसके तहत पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में समाज के विशिष्ट और प्रभावशाली लोगों से संपर्क करेंगे तथा उन्हें केंद्र सरकार की उपलब्धियों और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की जानकारी देंगे।

**8 से 14 जून तक निकलेगी प्रगति पथ यात्राः** प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 8 जून से 14 जून तक "प्रगति पथ यात्रा" आयोजित की जाएगी। इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को जनता के बीच ले जाया जाएगा तथा लोगों को सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाएंगे। सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया जाएगा।

अभियान के तहत राज्य के सभी जिलों में भाजपा के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इन कार्यक्रमों में केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की जाएगी। भाजपा विभिन्न स्थानों पर जनकल्याण शिविर लगाएगी। इन शिविरों में लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए सरकार और प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को दी गई आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी



**बीएनएम @ मोतिहारी**। जिला के पिपराकोठी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र एवं आत्मा, मोतिहारी के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे खेत बचाओ अभियान (1–30 जून, 2026) के अंतर्गत आमवाटोला (पिपराकोठी) एवं नारायण पकड़ी (चकिया) गांवों में किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को धान की प्रत्यक्ष बुवाई (डीएसआर), फसल अवशेषों के वैज्ञानिक प्रबंधन, जैव उर्वरकों के उपयोग, हरी खाद के महत्व तथा खरीफ मौसम में संसाधन संरक्षण आधारित कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बदलती जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नवीन कृषि तकनीकों के उपयोग से खेतों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ मृदा की उर्वरता एवं गुणवत्ता को भी लंबे समय तक बनाए रखा जा सकता है। विशेषज्ञों ने किसानों से पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। अभियान का उद्देश्य किसानों को टिकाऊ खेती के प्रति प्रेरित कर कृषि उत्पादन को अधिक लाभकारी एवं पर्यावरण-सुरक्षित बनाना है।

### जनता के दरबार में उमड़ी फरियादियों की भीड़, 68 आवेदनों पर जिला प्रशासन ने की सुनवाई




**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में शुक्रवार को आयोजित "जनता के दरबार में जिला प्रशासन" कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न अंचलों से आए कुल 68 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती ने की। इस दौरान अपर समाहर्ता विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता निधि कुमारी एवं विकास कुमार भी मौजूद रहे। सुनवाई के दौरान अपर समाहर्ता ने कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों से सीधे फोन पर संपर्क कर शिकायतों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजीआरओ ने कहा कि सभी शिकायतों पर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों के स्तर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराते हुए समस्याओं का विधिसम्मत एवं त्वरित समाधान कराया जाएगा। जनता दरबार में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद तथा राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। इन मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ आवेदन अग्रसारित करने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित समाधान की दिशा में पहल करने का अवसर मिला।

### तीन हजार के इनामी स्मैक तस्कर बाबूलाल यादव गिरफ्तार, मादक पदार्थ व नकदी बरामद

**बीएनएम @ मोतिहारी**। पूर्वी चंपारण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन हजार रुपये के इनामी एवं एनडीपीएस एक्ट के वांछित स्मैक तस्कर बाबूलाल यादव को गिरफ्तार किया है। उसके पास से स्मैक जैसा मादक पदार्थ, चोरी की मोटरसाइकिल तथा भारतीय एवं नेपाली मुद्रा बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 4 जून को गुप्त सूचना के आधार पर नकरदेई थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाबूलाल यादव को गिरफ्तार किया। वह नकरदेई थाना क्षेत्र के सिरिसिया माल गांव का निवासी है और एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित था। गिरफ्तारी के बाद की गई तलाशी में उसके पास से 35.45 ग्राम स्मैक जैसा मादक पदार्थ, एक चोरी की मोटरसाइकिल, 25 हजार रुपये भारतीय मुद्रा तथा 14 हजार 500 रुपये नेपाली मुद्रा बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने बताया कि उसने यह मादक पदार्थ सिरिसिया निवासी जाकिर मियां से खरीदा था। इसके आधार पर पुलिस ने जाकिर मियां के विरुद्ध नया मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बाबूलाल यादव का पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित आपराधिक इतिहास रहा है। उसकी गिरफ्तारी को जिले में नशा कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान की महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। इस कार्रवाई में नकरदेई थानाध्यक्ष भरत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कृष्णा कुमार तथा थाना के अन्य पुलिसकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए कई निर्देश, 71 प्रतिशत मामलों का हुआ निष्पादन

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद सभागार में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, अंचल अधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने परिमार्जन कार्यों में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि जमाबंदी के भूमि विवरण, नाम एवं आधार संबंधी विसंगतियों के कारण कुछ मामलों में विलंब हो रहा है। किसान पंजीकरण अभियान की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने सभी किसान सलाहकारों को इस कार्य में सक्रिय रूप से लगाने तथा प्रतिदिन इसकी निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान वाले दिनों में प्रगति बेहतर रहती है, जबकि सामान्य दिनों में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। बैठक में डिजिटल जमाबंदी, भू-मापी, अभियान बसेरा, सरकारी भूमि सत्यापन, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तथा न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ दोबारा अतिक्रमण न होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों में समय पर अनुपालन एवं आवश्यक दस्तावेजों को विभागीय पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। आपदा से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मृतकों से संबंधित सभी अभिलेख तत्काल आपदा शाखा को भेजे जाएं, ताकि पीड़ित परिवारों को नियमानुसार सहायता राशि का भुगतान किया जा सके। उन्होंने अंचल अधिकारियों एवं राजस्व पदाधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्वयं निरीक्षण कर प्रभावित परिवारों से मिलने का भी निर्देश दिया। जिले में चल रही सड़क परियोजनाओं, रक्सौल हवाई अड्डा एवं ढाका अनुमंडल में सिविल कोर्ट निर्माण से संबंधित भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने किसानों को एलपीसी निर्गत करने के लिए विशेष शिविर आयोजित करने तथा संबंधित अभिलेख शीघ्र जिला भू-अर्जन कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। सहयोग शिविरों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों को समय पर उपस्थित होकर आम जनता की समस्याएं सुनने एवं उनका त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता के साथ सदैव विनम्र व्यवहार रखा जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों में से लगभग 71 प्रतिशत मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने शेष मामलों के भी शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका/पंचायत) सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने शुक्रवार को जिला स्कूल, मोतिहारी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, भंडारण क्षमता एवं निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप की गई तैयारियों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मधुबन नगर पंचायत तथा पंचायत आम निर्वाचन-2026 मल्टी पोस्ट ईवीएम के माध्यम से कराया जाना है। इसके लिए ईवीएम के सुरक्षित भंडारण हेतु निर्धारित एसओपी के अनुसार वेयरहाउस को तैयार कर लिया गया है। इसके अलावा एम-2 मॉडल के ईवीएम के माध्यम से नगर पंचायत मेहसी एवं नगर परिषद रक्सौल में होने वाले उपचुनाव के लिए 8 जून से 10 जून 2026 तक प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए तथा सभी तैयारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जनम पासवान, एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## प्रकृति का संरक्षण हमारी महती जिम्मेवारी: प्रो स्नेहा

» जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में समारोहपूर्वक मना पर्यावरण दिवस

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। शहर से सटे लक्ष्मीपुर स्थित जेनिथ इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इस क्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए। तत्पश्चात पर्यावरण विषयक एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य वक्ता गोष्ठी को संबोधित करते हुए पर्यावरणविद् व महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो० स्नेहा चौरसिया ने कहा कि प्रकृति हमारी सबसे बड़ी धरोहर है, जिसका संरक्षण पृथ्वी वासियों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यह दुखद है कि धरती से पेड़ कम होते जा रहे हैं और ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि अधिकाधिक पेड़ लगाएं, जल का संरक्षण करें और प्लास्टिक का उपयोग न्यून करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि पृथ्वी बचेगी तभी जीवधारी बचेंगे। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अंजनी अशेष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के 5 जून को पूर्वी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वस्थ पर्यावरण हेतु जागरूकता पैदा करना है। विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत 1972 में स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद 1973 में हुई थी। श्री अशेष ने जोर देकर कहा कि एक पेड़ सौ पुत्रों के समान है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए। बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के इस वर्ष का थीम है, प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए। मौके पर शिक्षक उज्जवल कुमार श्रीवास्तव, प्रीति कुमारी, विक्रम वीर, विजय कुमार यादव, रोशन त्रिपाठी, नवीन वर्मा, प्रतिमा श्रीवास्तव, प्रियंका झा, रिंकी कुमारी, रितिका दुबे, साक्षी वैभव, रोशनी कुमारी, प्रियम कुमारी आदि मौजूद थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एमजीसीयू में गूंजा पर्यावरण संरक्षण का संदेश, 55 विद्यालय सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), बिहार के प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आचार्य बृहस्पति सभागार में "पर्यावरण की रक्षा क्यों और कैसे करें" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन और सतत विकास पर विशेषज्ञों ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि प्रसन्नमूर्ति देसाई, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (लैंडस्केप) ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने तीव्र शहरीकरण के दौर में प्राकृतिक संसाधनों और जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सुधांशु मिश्रा, प्रांत संयोजक, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, उत्तर बिहार ने कहा कि "बीज दान महादान है।" उन्होंने वृक्षारोपण और बीज संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता बताई। एमिटी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ अर्थ एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज के अध्यक्ष डॉ. कुशाग्र ने भारतीय संस्कृति और पर्यावरण के गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण हमारी परंपराओं का अभिन्न हिस्सा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक एवं जीव विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. प्रणवीर सिंह ने कहा कि प्रकृति सृष्टि का मूल आधार है और पर्यावरण संरक्षण मानव अस्तित्व की अनिवार्य आवश्यकता है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 55 विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अत्रत्राण पाल ने की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कुंदन किशोर रजक ने किया, जबकि मंच संचालन रश्मि मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने हरित, स्वच्छ एवं स्वस्थ पृथ्वी के निर्माण हेतु पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।

## पर्यावरण दिवस पर आरोग्य भारती ने लगाए पौधे

बीएनएम @ मोतिहारी

**मोतिहारी**। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर आरोग्य भारती संस्था के द्वारा मुजीब बालिका +2 विद्यालय मिस्कौट में दर्जनों की संख्या में फलदार पौधे व औषधीय पौधे लगायें गए। इस अवसर पर आम, अमरूद, कटहल, जामुन, नीम, अमलतास, गोल्डमोहर, महोगनी आदि के पौधे लगाए गए। आरोग्य भारती प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर न सिर्फ पौधे लगाती हैं बल्कि उनका संरक्षण भी करती हैं। इस मौके पर संस्था के पर्यावरण प्रमुख मदनाकर कुमार ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि हमें बढ़ते हुए जलवायु परिवर्तन को संतुलित करने के लिए प्रतिवर्ष पौधे लगाने चाहिए जिससे हमें अत्यधिक गर्मी से राहत मिल सकें। इस मौके पर उत्तर बिहार प्रान्त के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ राजेश श्रीवास्तव ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




जिला सचिव डॉ हेमंत कुमार ने कहा कि पौधे ही हमारे जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर विजय कुमार सिंह, शम्भूनाथ श्रीवास्तव, कुलदीप कुमार, संजय कुमार, प्रदीप कुमार, डॉ नवीन कुमार, मुजीब बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर के चौधरी आदि मौजूद थे। प्राचार्य श्री चौधरी ने इस कार्य के लिए आरोग्य भारती संस्था का आभार व्यक्त किया ।

## अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कलाकार डॉ. नीतू कुमारी 'नूतन' ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित

बीएनएम @ मोतिहारी



**मोतिहारी**। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध लोक कलाकार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं चंपारण की बेटी डॉ. नीतू कुमारी 'नूतन' ने शुक्रवार को पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को उनके कार्यालय कक्ष में अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. नीतू ने जिलाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट तकनीकी नवाचार के लिए चयनित होने तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान प्राप्त करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने प्रशासनिक कार्यों के साथ-साथ चंपारण की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहरों के संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिले ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल की हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में तकनीक के प्रभावी उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होकर उन्होंने न केवल पूर्वी चंपारण बल्कि पूरे बिहार का मान बढ़ाया है। मुलाकात के दौरान डॉ. नीतू ने चंपारण की लोक कला एवं संस्कृति से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और मॉरीशस में प्रस्तुत की गई चंपारण की विलुप्तप्राय लोक नृत्य-गीत शैली 'बिहार बिम्बो' को स्थानीय सरकारी महोत्सवों एवं सांस्कृतिक आयोजनों में शामिल करने का अनुरोध किया, ताकि इस विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके। जिलाधिकारी ने डॉ. नीतू कुमारी 'नूतन' को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा लोक कला के क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्कृतिकर्मी संजय पाण्डेय, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रामजन्म पासवान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश तथा सुप्रसिद्ध गायिका सिमरन श्रुति सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर एनएसएस द्वारा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन

बीएनएम @ मोतिहारी




**मोतिहारी**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लक्ष्मी नारायण दुबे कॉलेज, मोतिहारी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा युवाओं को प्रकृति के संरक्षण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल वर्तमान की आवश्यकता नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अनिवार्य है। उन्होंने युवाओं एवं छात्रों की भूमिका पर विशेष बल देते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाने में हमारी जिम्मेदारी लगातार बढ़ रही है और युवा ही इस अभियान के वास्तविक नेतृत्वकर्ता हैं। उन्होंने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने तथा उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने स्वयंसेवकों को पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन मानव जीवन और जैव विविधता के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है।कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवक विक्की कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक पर्यावरणीय संकट, ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई और बढ़ते प्रदूषण पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है तथा प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण बचाने की दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवक अभिषेक, उज्ज्वल, शुभम, शैलेन्द्र, कुणाल, रुचिका, मुस्कान, माही, रज्नंदनी, आदिरा, रूपा, सुधा सहित अनेक स्वयंसेवक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा अमृत वर्षा का शुभारंभ



**बीएनएम @ ढाका।** श्री राम जानकी मंदिर, बाबा मस्तराम परिसर, ढाका में 02 जून 2026 से 10 जून 2026 तक श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ एवं श्रीराम कथा अमृत वर्षा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन आप और हम श्रीराम भक्त मंडल के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक संत श्री चन्द्रेश जी महाराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का रसपान कराया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक श्रीरामचरितमानस पाठ, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि सायं 6:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के अनुसार इस महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य धर्म, संस्कृति एवं सनातन मूल्यों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार करना है। आयोजन के संयोजक श्री राममनोहर जी ने सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। महायज्ञ एवं कथा के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त हो गया है। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तजन कथा श्रवण एवं पूजन-अर्चन के लिए पहुंच रहे हैं। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक जागरण एवं सामाजिक समरसता का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहा है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सीकरीया फार्मेसी कॉलेज में हुआ वृक्षारोपण

**बीएनएम @ मोतिहारी।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उद्योगपति एवं भाजपा नेता यमुना सीकरीया के नेतृत्व में सीकरीया फार्मेसी कॉलेज परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फलदार, औषधीय एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता यमुना सीकरीया, कॉलेज की प्राचार्या प्रीति दुबे, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से पौधारोपण किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यमुना सीकरीया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के निर्माण के उद्देश्य से शुरू किया गया 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते तापमान, जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग जैसी गंभीर चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी उपाय अधिकाधिक वृक्षारोपण है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों को जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ तथा अन्य शुभ अवसरों पर कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व सुरक्षित जीवन प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं प्राचार्या प्रीति दुबे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे जन-आंदोलन का स्वरूप देना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ हुआ।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण का लिया गया संकल्प

**बीएनएम @ पताही।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पताही प्रखंड क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और संतुलित बनाए रखने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह प्रकृति संरक्षण के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। इस अवसर पर जिहुली उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य पदमाक्ष रंजन शास्त्री ने कहा कि पर्यावरण केवल एक विषय नहीं, बल्कि मानव जीवन का मूल आधार है। यदि आज पर्यावरण की रक्षा नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरती के आभूषण हैं और इनके बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रकृति के प्रति हमारे दायित्वों की याद दिलाता है। लोगों को अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य विशेष अवसरों पर पौधारोपण करने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में एक वृक्ष को सौ पुत्रों के समान माना गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पदमाक्ष रंजन शास्त्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की साझा जिम्मेदारी है। जल, जंगल और जमीन की रक्षा कर ही स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से पर्यावरण संरक्षण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया।

# अनुमंडल कार्यालय रक्सौल में वृक्षारोपण, हरित रक्सौल के निर्माण का लिया संकल्प

बीएनएम @रक्सौल



**रक्सौल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अनुमंडल कार्यालय रक्सौल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मनीष कुमार ने किया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय के अधीनस्थ पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में अपनी भागीदारी निभाई। मनीष कुमार ने कहा कि वृक्ष पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए वृक्षारोपण बेहद आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने 'पर्यावरण संरक्षण एवं हरित रक्सौल' के निर्माण के संकल्प को दोहराया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए अनुमंडल कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की गई।

## बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से महिला की मौत, परिजनो में मचा कोहराम

बीएनएम @हरसिद्धि



**हरसिद्धि।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मठलोहियार पंचायत के वार्ड संख्या 10 स्थित भगतहा टोला गांव में शुक्रवार की अहले सुबह एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव साह की 46 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे परिवार में चीख-पुकार मच गई, वहीं गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जाता है कि मंजू देवी प्रतिदिन की तरह सुबह उठकर घर की साफ- सफाई कर रही थीं। इसी दौरान घर में पहले से टूटा हुआ बिजली का तार उनके संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गईं और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि परिवार के अन्य सदस्य कुछ समझ पाते, उससे पहले ही सब कुछ खत्म हो चुका था। बताया जा रहा है कि मंजू देवी गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भगतहा टोला में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत थीं। उनके पति शिव साह शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, जिसके कारण परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी मंजू देवी के कंधों पर ही थी। उनकी असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर थी, अब परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही हरसिद्धि थाना मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। मौके पर पुलिस पहुंच शव को पोस्टमार्टम मे भेजनें की प्रक्रिया मे जुटी हुई है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर रामगढ़वा में वृक्षारोपण, बीडीओ ने दिया 'एक पेड़ माँ-पिता के नाम' का संदेश

बीएनएम @रामगढ़वा



**रामगढ़वा।** शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के जुबली हॉल छात्र संघ के महासचिव रौनक राज, समरजीत मिश्रा, अमरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, अमन कुमार, स्टूडेंट लाइब्रेरी के संस्थापक शिव जी कुमार, अमन सिंह समेत कई गणमान्य लोगों ने परिसर में पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी ने पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। बीडीओ राकेश कुमार सिंह ने आम लोगों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी कर स्वच्छ व हरित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम के माध्यम से "एक पेड़ माँ के नाम" एवं "एक पेड़ पिता के नाम" लगाने का भावनात्मक संदेश भी दिया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्व से जोड़ा जा सके। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण की भावना को जन-जन तक पहुँचाना है।

# लेजर लैंड लेवलर के उपयोग पर किसानों को किया गया जागरूक

बीएनएम @तुरकौलिया



**तुरकौलिया।** खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, परसौनी की टीम ने तुरकौलिया प्रखंड के बेलवा राय गांव का दौरा कर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों तथा केंद्र सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समेत अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा विशेषज्ञ डॉ. आशीष राय ने किसानों को मिट्टी जांच के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संतुलित मात्रा में उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का प्रयोग करने से लागत कम होती है और फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। कृषि अभियांत्रिकी विशेषज्ञ डॉ. अंशू गंगवार ने किसानों को लेजर लैंड लेवलर तकनीक की जानकारी देते हुए बताया कि खेतों का समतलीकरण जल प्रबंधन और बेहतर उत्पादन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समतल खेतों में सिंचाई का पानी समान रूप से फैलता है, जलभराव की समस्या कम होती है तथा मिट्टी का कटाव भी रुकता है। इससे पौधों को पोषक तत्वों का बेहतर उपयोग करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि लेजर लैंड लेवलर के उपयोग से सिंचाई के पानी की 30 से 35 प्रतिशत तक बचत होती है और फसलों की पैदावार में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि देखी गई है। इसके अलावा बीज, उर्वरक, रसायन एवं ईंधन की खपत में भी कमी आती है। समतल खेतों में आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन बेहतर होता है और बुआई का कार्य अधिक सुगमता से किया जा सकता है। डॉ. गंगवार ने किसानों को यंत्र के संचालन, उपयोग और आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार तथा क्षेत्र के कई किसान उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल का वृहद वृक्षारोपण अभियान

बीएनएम @रक्सौल



**रक्सौल।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 47वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), रक्सौल द्वारा मुख्यालय परिसर एवं सभी बाह्य सीमा चौकियों के कार्यक्षेत्र में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। अभियान में अधिकारियों, बलकार्मिकों एवं संदीक्षा सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि पड़ोसी देश नेपाल के सशस्त्र बल ए.पी.एफ. के जवानों ने भी इसमें सहभागिता की। भारतीय और नेपाली बलकार्मिकों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी साझा प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर कमांडेंट संजय पाण्डेय ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और वैश्विक तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियों का मुकाबला करना तथा समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने सभी बलकार्मिकों से वृक्षारोपण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा परिवार और समाज को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग और प्लास्टिक के प्रयोग में कमी लाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिवस का अभियान नहीं, बल्कि सतत प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम में डॉ. निशिकांत, कमांडेंट (चिकित्सा), श्रीमती पारुल पाण्डेय, संदीक्षा अध्यक्षा, संजय रावत, द्वितीय कमान, नवीन कुमार साह, उप कमांडेंट सहित अन्य अधिकारी, संदीक्षा सदस्याएं एवं बलकार्मिक उपस्थित रहे। अभियान के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में नर्सरी से लाए गए हजारों पत्तेदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। अधिकारियों ने बताया कि पौधों के संरक्षण और विकास के लिए नियमित निगरानी एवं सिंचाई की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि यह अभियान दीर्घकालिक रूप से पर्यावरण संरक्षण में प्रभावी योगदान दे सके।

## हत्या के प्रयास मामले का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार



बीएनएम @हरसिद्धि

**हरसिद्धि।** हरसिद्धि थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के एक मामले में नामजद मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि हरसिद्धि थाना कांड संख्या 265/26, दिनांक 17 मई 2026 में दर्ज मामले के प्राथमिक अभियुक्त आलेबाबू उर्फ आले मियां (32 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस लंबे समय से उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त से आवश्यक पूछताछ की गई। इसके उपरांत न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर नवविवाहिता की हत्या का आरोप

बीएनएम @बेतिया



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के कठैया विष्णुनपुरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद दहेज हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका की पहचान रेखा देवी के रूप में हुई है। आरोप है कि उसके पति राजनंदन उर्फ भरत एवं अन्य ससुराल पक्ष के लोग लंबे समय से दहेज में चार पहिया वाहन की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर रेखा देवी को लगातार प्रताड़ित और मारपीट की जाती थी। मृतका की मां ने बताया कि वर्ष 2021 में अपनी बेटी की शादी करने के लिए उन्होंने पांच कट्ठा जमीन बेच दी थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा चार चक्का वाहन की मांग की जा रही थी, जिसे पूरा कर पाना उनके लिए संभव नहीं था। इसी बात को लेकर उनकी बेटी को अक्सर प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का आरोप है कि रेखा देवी की हत्या के बाद ससुराल पक्ष ने जल्दबाजी में पोस्टमार्टम कराकर शव को ठिकाने लगाने की कोशिश की। इसी दौरान मायके वालों को इसकी जानकारी मिली। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और शव ले जा रही गाड़ी को रोककर अपने कब्जे में लिया तथा बेतिया नगर थाना पहुंचे। मृतका की मां के आवेदन पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। वहीं, घटना के बाद मृतका के परिजनों में आक्रोश और शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर अरेराज अनुमंडल कार्यालय में वैज्ञानिक नवाचारों और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष कार्यक्रम

बीएनएम @अरेराज



**अरेराज।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा की पहल पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, स्वच्छ प्रौद्योगिकी एवं वैज्ञानिक नवाचारों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं पर्यावरण विषयक आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जैव विविधता, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा तथा प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े नवाचारों और वैज्ञानिक अवधारणाओं को मॉडलों के माध्यम से प्रदर्शित किया। उपस्थित अधिकारियों ने इन मॉडलों का अवलोकन कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस वैज्ञानिक सोच, नवाचार और जनसहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान केवल जागरूकता से नहीं, बल्कि विज्ञान आधारित नवाचारों और सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित एवं हरित वातावरण सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी

अमेरिका में बैठे कांग्रेस हितैषी सैम पित्रोदा (सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा) ने सुदूर भारत की उनींदे से चुनाव प्रचार में करंट पैदा कर दिया है। उन्होंने अमेरिकी विरासत-कर प्रणाली की सराहना करते हुए भारत में इसकी संभावना पर विचार करने को कहा है।

इस एक मशविरा ने भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी को कांग्रेस पर हमले के लिए दोनों हाथों में मुद्दा दे दिया है-एक ब्रह्मास्त्र थमा दिया है। वे इसे पुरखों की गाढ़ी कमाई से खड़ी की गई संपत्ति-परिसंपत्ति पर 'पंजाÓ मारने की लूटेरी नीयत मान रहे हैं।

उसका 'लूट प्लान जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भीÓ जारी रहने वाला है यानी माता-पिता के जीवित रहते कर लेंगे और उनके वारिसों से भी। वे खुल्लमखुल्ला इशारा कर रहे हैं कि कांग्रेस उनकी संपत्ति छीन कर किसी को (मुसलमानों को?) दे देगी। धन-संपदा मनुष्य की एक स्थायी नैसर्गिक कामना है। इसे हथियाने की बात होगी तो लोग-बाग कांग्रेस से बिदकेंगे ही।

पित्रोदा के सहसा सीन में आने के दो दिन पहले तक मोदी कांग्रेस के मैनिफेस्टो में संपत्ति के सर्वेक्षण पर समझा रहे थे कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति छीन कर 'ज्यादा बच्चे पैदा करने वालेÓ और 'घुसपैठिएÓ को दे देगी-महिलाओं से उनके मंगलसूत्र तक छीन लेगी। जबकि कांग्रेस का एजेंडा एक दशक में बढ़ी आय-असमानता की वजहों की जांच का है। पर मैनिफेस्टो से मोदी के जबरदस्ती निकाले जिन्न ने लोगों को डराना शुरू कर दिया।

तब भी मोदी इन हथियारों की मारकता शेष चुनाव तक बने रहने पर आस्त नहीं थे। वे कांग्रेस और उसके गठबंधन के दुष्प्रचार के आगे डिफेंसिव थे। जो कह रहे थे कि 'मोदी अबकी सत्ता में आए तो न आगे चुनाव होगा, न संविधान बचेगा और न आरक्षण रहेगा।Ó लेकिन पित्रोदा की गलत टाइमिंग ने मोदी का समय सही कर दिया। वे फ्रंट पर हैं और विपक्ष बैकफुट पर। हालांकि कांग्रेस ने सैम की राय को निजी बता कर पल्ला झाड़ लिया है। पर नुकसान की भरपाई मुश्किल है। अमेरिका में कुल विरासती संपत्ति के मूल्य का 55 फीसद हिस्सा सरकार ले लेती है। शेष 45 फीसद पर ही भावी पीढ़ी का हक होता है। यह विश्व के दर्जनों देश में लागू है। भारत में राजीव गांधी सरकार ने वित्तमंत्री वीपी सिंह के सुझाव पर इसे अनुत्पादक मानते हुए निरस्त कर दिया था। पर इस गए विचार ने भारतीय चुनाव में एक नया हलचल पैदा कर दिया है।

# आँकड़ों की कसौटी पर खरा उतरा 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना'

**विनोद टाकियावाला**

हरित ऊर्जा,आर्थिक बचत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सफल जनआंदोलन

आलेख–विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'

स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तम्भकार

भारत आज जिस विकसित राष्ट्र के स्वप्न को साकार करने की दिशा में अग्रसर है,उसमें ऊर्जा आत्मनिर्भरता एक अत्यंत महत्वपूर्ण आधारशिला के रूप में उभर रही है। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति,औद्योगिक विकास, पर्यावरणीय संतुलन और नागरिक जीवन की गुणवत्ता काफी हद तक उसकी ऊर्जा व्यवस्था पर निर्भर करती है। बीते वर्षों में भारत ने ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं,लेकिन बढ़ती जनसंख्या,तीव्र शहरीकरण और निरंतर बढ़ती बिजली मांग ने नीति निर्माताओं के सामने नई चुनौतियाँ भी खड़ी की हैं। ऐसे समय में प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं,बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में जनभागीदारी पर आधारित एक व्यापक परिवर्तनकारी अभियान के रूप में सामने आई है।जून 2026 में इस योजना के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उपलब्ध आधिकारिक आँकड़े, जमीनी अनुभव और लाभार्थियों की प्रतिक्रियाएँ इस बात की पुष्टि करती हैं कि यह योजना देश में स्वच्छ ऊर्जा क्रांति की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य केवल सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना नहीं था, बल्कि आम परिवारों को ऊर्जा उत्पादक बनाना,उनके बिजली व्यय को कम करना तथा देश को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा व्यवस्था की ओर अग्रसर करना भी था। दो वर्षों के भीतर इस योजना ने जिस गति से प्रगति की है, वह इसे स्वतंत्र भारत की सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा योजनाओं में स्थान दिलाती है।योजना की मूल अवधारणा अत्यंत सरल किंतु दूरगामी प्रभाव वाली है। देश के एक करोड़ परिवारों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उन्हें अपने उपयोग की बिजली स्वयं उत्पन्न करने में सक्षम बनाना तथा अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर आय अर्जित करने का अवसर उपलब्ध कराना इसका प्रमुख लक्ष्य है।केंद्र सरकार ने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के लिए 75 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया है। यह राशि केवल एक वित्तीय निवेश नहीं बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किया गया दीर्घकालिक राष्ट्रीय निवेश है।दो वर्षों के भीतर प्राप्त उपलब्धियाँ इस योजना की सफलता की कहानी स्वयं बयान करती हैं। मार्च 2026 तक देशभर में 26 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके थे और लाभार्थियों को लगभग 18 हजार करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा चुकी थी। इससे स्पष्ट है कि योजना केवल कागजों तक सीमित नहीं रही, बल्कि करोड़ों नागरिकों के जीवन में प्रत्यक्ष परिवर्तन का माध्यम बनी है। उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि देश में प्रतिदिन लगभग 4500 नए सौर संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। यह गति दर्शाती है कि आम जनता के बीच योजना की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है।यदि



इस योजना की सफलता को केवल स्थापित संयंत्रों की संख्या से नहीं बल्कि उसके सामाजिक और आर्थिक प्रभाव से देखा जाए,तो तस्वीर और भी प्रभावशाली दिखाई देती है। आज देश में लाखों परिवार ऐसे हैं जिनके बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी आई है। सरकारी सर्वेक्षणों से यह तथ्य सामने आया है कि योजना से जुड़े लगभग 71 प्रतिशत परिवारों ने अपने बिजली व्यय में स्पष्ट बचत का अनुभव किया है। यही नहीं, लाखों परिवार ऐसे भी हैं जिनका मासिक बिजली बिल शून्य या नगण्य स्तर तक पहुँच गया है।ऐसे समय में जब घरेलू बजट पर महंगाई का दबाव बना हुआ है, बिजली बिल में होने वाली यह बचत सीधे परिवारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

इस योजना का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि इसने ऊर्जा क्षेत्र को लोकतांत्रिक स्वरूप प्रदान किया है। लंबे समय तक बिजली उत्पादन केवल बड़े बिजलीघरों, सरकारी संस्थाओं और निजी कंपनियों तक सीमित रहा। आम नागरिक बिजली का उपभोक्ता मात्र था।प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ने इस व्यवस्था को बदलने का प्रयास किया है।अब नागरिक केवल बिजली उपभोक्ता नहीं बल्कि ऊर्जा उत्पादक भी बन रहा है।यह परिवर्तन केवल तकनीकी नहीं बल्कि आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।योजना की सफलता का एक बड़ा कारण इसकी पारदर्शी और डिजिटल कार्यप्रणाली भी है। आवेदन से लेकर स्वीकृति, स्थापना,निरीक्षण और सब्सिडी वितरण तक की अधिकांश प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है।इससे पारदर्शिता बढ़ी है और भ्रष्टाचार तथा अनावश्यक देरी की संभावनाएँ कम हुई हैं।लाभार्थियों को सीधे बैंक खातों में सहायता राशि प्राप्त होने से व्यवस्था पर विश्वास भी मजबूत हुआ है।

राज्यों के प्रदर्शन पर दृष्टि डालें तो गुजरात इस योजना का सबसे सफल मॉडल बनकर सामने आया है। राज्य में पाँच लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं और लाखों परिवार इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश भी तेजी से आगे बढ़े हैं। राजस्थान, केरल, तमिलनाडु और हरियाणा जैसे राज्यों ने भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है।इन राज्यों की सफलता बताती है कि जहाँ प्रशासनिक सक्रियता, जनजागरूकता और वितरण कंपनियों का सहयोग बेहतर रहा, वहाँ योजना के परिणाम भी अधिक प्रभावशाली रहे हैं।हालाँकि उपलब्धियाँ जितनी उत्साहजनक हैं,चुनौतियाँ भी उतनी ही वास्तविक हैं।सर्वेक्षणों में पाया गया कि बड़ी संख्या में लोग अभी भी रूफटॉप सोलर प्रणाली की तकनीकी कार्यप्रणाली को पूरी तरह नहीं समझते। अनेक परिवार इसे बिजली कटौती के समय बैकअप स्रोत मानते हैं,जबकि सामान्य ग्रिड आधारित प्रणाली बिना बैटरी के ऐसा नहीं कर सकती। इसी प्रकार अनेक संभावित लाभार्थियों को उपलब्ध ऋण सुविधाओं और वित्तीय विकल्पों की जानकारी भी नहीं है। इसलिए योजना के अगले चरण में जागरूकता और तकनीकी परामर्श की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी। पर्यावरणीय दृष्टि से भी इस योजना का महत्व असाधारण है। भारत ने वैश्विक मंचों पर स्वच्छ ऊर्जा विस्तार और कार्बन उत्सर्जन में कमी का संकल्प लिया है। यदि योजना अपने निर्धारित लक्ष्य तक पहुँचती है तो आने वाले वर्षों में अरबों यूनिट हरित बिजली का उत्पादन होगा और करोड़ों टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में सहायता मिलेगी।यह केवल सरकारी लक्ष्य नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने का प्रयास है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के दो वर्षों का मूल्यांकन करते समय यह स्पष्ट दिखाई देता है कि इसकी सफलता का आधार केवल सरकारी वित्तीय सहायता नहीं है।इसकी वास्तविक शक्ति जनविश्वास,तकनीकी विश्वसनीयता और प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ में निहित है।जब कोई परिवार अपने बिजली बिल में बचत अनुभव करता है, तब वह स्वयं इस योजना का सबसे प्रभावी प्रचारक बन जाता है।यही कारण है कि आज देश के अनेक क्षेत्रों में लाभार्थियों के अनुभव नए परिवारों को इस योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

आँकड़ों की कसौटी पर परखें तो प्रधानमंत्री सूर्य घर , मुफ्त बिजली योजना ने अपने पहले दो वर्षों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह योजना केवल बिजली उत्पादन का कार्यक्रम नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत,हरित अर्थव्यवस्था और जनभागीदारी आधारित विकास की नई कहानी लिख रही है।यदि यही गति और जनसहयोग बना रहा तो आने वाले वर्षों में भारत विश्व के सबसे बड़े घरेलू सौर ऊर्जा नेटवर्क वाले देशों में अग्रणी स्थान प्राप्त करेगा और हर छत पर चमकता सूरज विकसित भारत की नई पहचान बनेगा।

# अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

हाल में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत के तेजी से बढ़ते सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। बढ़ते कृषि उत्पादन और ग्रामीण बाजारों में मांग बढ़ने से निजी खपत में भी तेजी आ रही है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट ने कहा है कि अनुकूल मानसूनी मौसम के कारण इस वर्ष 2024 में भारत में अच्छी वष्रा के स्पष्ट संकेत खेती और भारतीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। इसी प्रकार हाल में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि वर्ष 2024 में दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य रहने की उम्मीद है, जिससे कृषि गतिविधियों में और तेजी आएगी। ग्रामीण बाजारों में भी मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को तेज गति मिलेगी।

गौरतलब है कि विभिन्न रिपोटरे में कहा जा रहा है कि भारत के ग्रामीण अधिक खर्च कर रहे हैं। गांवों में न केवल कृषि संबंधी संसाधनों की अधिक बिक्री हो रही है, वरन फ्रिज, दोपहिया वाहन और टीवी की खरीदारी भी उच्च स्तर पर है। यह सब ग्रामीण भारत में भविष्य के प्रति उत्साह और वर्तमान के बेहतर परिणामों का प्रतीक है। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि भारत में पिछले एक दशक में शहरी परिवारों के मुकाबले ग्रामीण परिवारों का खर्च तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण भारत के विकास के लिए सरकारी योजनाओं के तहत किए गए भारी व्यय, ग्रामीणों के रोजगार की मनरेगा योजना तथा स्वरोजगार की ग्रामीण योजनाओं से ग्रामीण परिवारों की आमदनी में तेज इजाफे के साथ उनकी क्रय शक्ति और मांग में भारी इजाफा हुआ है। इससे ग्रामीण भारत की आर्थिक ताकत में वृद्धि हुई है।

यद्यपि अभी आम चुनाव के बाद जून, 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में कोई दो माह बकाया हैं, लेकिन उच्च प्रशासनिक स्तर पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के मकसद से जिन क्षेत्रों के लिए आगामी पांच सालों के लिए प्रभावी रणनीति बनाई जाना शुरू की गई है, उनमें कृषि भी प्रमुख है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय पूरी दुनिया में भारत को खाद्यान्न का नया वैश्विक कटोरा माना जा रहा है। भारत दुनिया का तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक है।

दुनिया में सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक देश बना हुआ है। गेहूं तथा फलों के उत्पादन के मामले में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर तथा सब्जी उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। विश्व स्तर पर भारत केला, आम, अमरूद, पपीता, अदरक, भिंडी, चावल, चाय, गन्ना, काजू, नारियल, इलायची और काली मिर्च आदि के प्रमुख उत्पादक के रूप में जाना जाता है। खाद्य प्रसंस्करण के मामले में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जहां कोविड-19 की आपदा से लेकर अब तक भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं भारत ने दुनिया भर में कृषि उत्पादों के निर्यात बढ़ाने का अवसर भी मु ियों में ले लिया है। भारत से कृषि निर्यात लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अनाज, गैर-बासमती चावल, बाजरा, मक्का और अन्य मोटे अनाज के अलावा फलों एवं सब्जियों के भारत से निर्यात में भी भारी वृद्धि दर्ज की गई है।

कई छोटे देशों के बाजार भी भारत की मु ियों में आए हैं। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है। खाद्य प्रसंस्करण में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है, जहां भारत से निर्यात में वृद्धि नहीं हुई हो। अब भारत की खाद्य प्रसंस्करण क्षमता 12 लाख टन से बढ़कर दो सौ लाख टन हो गई है। पिछले नौ वर्षो में खाद्य प्रसंस्करण निर्यात में 15 गुना वृद्धि दर्ज की गई है। निर्यात में प्रसंस्कृत खाद्य पदाथरे की हिस्सेदारी 13 से बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण के तहत पांच क्षेत्र हैं-डेयरी क्षेत्र, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, अनाज का प्रसंस्करण, मांस मछली एवं पोल्ट्री प्रसंस्करण तथा उपभोक्ता वस्तुएं पैकेटबंद खाद्य और पेय पदार्थ। खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर के मामले में यह भी उल्लेखनीय है कि इन प्रमुख पांच क्षेत्रों की व्यापक संभावनाओं को मु ियों में करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इससे ग्रामीण भारत लाभान्वित हो रहा है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि फरवरी, 2024 में भारत द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए जिस तरह प्रभावी पहल की गई। इस कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाते हुए खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक भंडारण की सुविधा से कृषि एवं ग्रामीण विकास के अभियान को आगे बढ़ा सकेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि 24 फरवरी, 2024 में सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की जिस सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना के तहत जिन 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित किया है, उनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी।

ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम देश में खाद्यान्न भंडारण की क्षमता, जो फिलहाल 1450 लाख टन है, को अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन की नई क्षमता विकसित करके 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था नये भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुआयामी उपयोगिता देते हुए दिखाई देगी। हम उम्मीद करें कि लोक सभा चुनाव के बाद गठित होने वाली नई सरकार कृषि एवं ग्रामीण विकास के साथ-साथ कृषि सुधारों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे किसानों और ग्रामीण भारत के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी।

# टीआरपी का मायाजाल!

**राजीव खंडेलवाल**

आज के दौर में मीडिया की शक्ति निर्विवाद है। सरकार की छवि निर्माण से लेकर जनमत को प्रभावित करने तक उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो चुकी है। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के उभार से लेकर अन्ना आंदोलन और उसके बाद अरविंद केजरीवाल के राजनीतिक उदय तक मीडिया की भूमिका निसंदेह महत्वपूर्ण रही है। शायद इसीलिए मीडिया से सामान्यतया कोई ''पंगा'' तब तक नहीं लेना चाहता है, जब तक पानी सिर के ऊपर न निकल जाए।

फिल्मी कलाकार ''सुशांत सिंह राजपूत'' का मीडिया ट्रायल हो या ''ऑपरेशन सिंदूर'' जैसी संवेदनशील सैन्य एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रमों की अतिरंजित कवरेज जैसे अनेकानेक विषय; पर मीडिया का प्रसारण हर बार एक शब्द गूंजता है ''टीआरपी''। आखिर ''टीआरपी'' है क्या बला? और इस ''चूहा-बिल्ली के खेल'' का असली खलनायक कौन?

टीआरपी क्या है ?

मीडिया की ''आन बान शान'' के आकलन का एकमात्र बैरोमीटर ''टीआरपी'' है। टीआरपी मतलब (टेलीविजन रेटिंग प्वाइंट) किसी टीवी कार्यक्रम या चैनल की लोकप्रियता का इकलौता मापदंड है। यह बताता है कि ''लक्षित'' दर्शकों में से कितने प्रतिशत लोग किसी विशेष कार्यक्रम या चैनल को देख रहे हैं।

सरल शब्दों में कहें तो, टीआरपी मीडिया जगत की वह ''मुद्रा'' (करेंसी) है, जिससे उसका बाजार भाव व रुतबा तय होता है। दूसरे शब्दों में यह व्यापारी के लिए व्यापार की बिक्री के आंकड़े के महत्व के समान है।

''टीआरपी का महत्व ''।

किसी चैनल की टीआरपी कितनी अधिक होती है, विज्ञापनदाताओं से उसे महंगे दर पर अधिक विज्ञापन मिलने से उतनी ही अधिक आय प्राप्त होती है। यही कारण है कि चैनलों के बीच दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने की निरंतर गला-काट प्रतिस्पर्धा होकर यह कई बार निम्न स्तर तक चली जाती है।

टीआरपी केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है। अधिक दर्शक संख्या चैनल की राजनीतिक दखलंदाजी और सामाजिक प्रभावशीलता भी बढ़ाती है। सत्ता, कॉरपोरेट जगत और रसूखदार तबके स्वाभाविक रूप से उन मंचों के निकट रहना चाहते हैं, जिनकी पहुंच जनता के बीच व्यापक हो। मीडिया हाउस को भी सत्ता और कॉरपोरेट जगत के निकट आने का फायदा मिलता है। इसलिए वे उसके आस-पास रहने का प्रयास करते है।

''टीआरपी की गणना कैसे होती है?''

भारत में टीआरपी की गणना और प्रकाशन BARC (ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल) द्वारा किया जाता है। यह ब्रॉडकास्ट एडवरटाइजर्स और एजेंसियां का संयुक्त संगठन है। इसके लिए देशभर के चयनित घरों में विशेष उपकरण (people meter) लगाए जाते हैं, जो यह रिकॉर्ड करते हैं कि कौन-सा चैनल कितनी देर तक देखा गया। इस आंकड़े का विश्लेषण आयु, लिंग, ग्रामीण-शहरी पृष्ठभूमि तथा सामाजिक-आर्थिक वर्गों के आधार पर ''वेटेज'' देकर किया जाता है और फिर पूरे देश के दर्शकों का अनुमान लगाया जाता है। इसी आधार पर साप्ताहिक टीआरपी भी रिपोर्ट जारी होती है।

''महत्वपूर्ण प्रश्न! दोषी कौन ?''

जब भी कोई चैनल किसी घटना को ''राई का पहाड़'' बनाकर सनसनीखेज तरीके से प्रसारित करता है (कुछ उदाहरण ऊपर दिए गए हैं), तो तुरंत तोहमत लगती है कि यह सब ''टीआरपी का खेल'' है। मानो पत्रकारिता की सारी विकृति की जड़ यही एक शब्द है। तथापि यह आरोप पूरी तरह निराधार नहीं है। लेकिन क्या सारा ठीकरा मीडिया पर फोड़ना आधे सच को देखना नहीं? वास्तव में इसी आरोप में जनता की अंशदायी (योगदान), ''सहभागिता'' भी छुपी हुई है। टीआरपी किसी चैनल के कार्यक्रम में नहीं, बल्कि वह दर्शकों के ड्राइंग रूम में बनती है। विडंबना देखिये, जिस कंटेंट को लोग ''चटकारे लेकर'' देखते हैं, भरी महफिल में उसको कोसते भी है। मीडिया को कोसना और खुद को ''दूध का धुला'' बताना अपना ''उल्लू सीधा करना'' होगा। यहीं से मुद्दे का दूसरा पक्ष सामने आता है।

''आखिर टीआरपी आती कहां से है ?''

यदि दर्शक किसी कार्यक्रम को देखना ही बंद कर दें, तो उसकी टीआरपी स्वतः गिर जाएगी। बाजार का सिद्धांत है ''जो बिकता है, वही बाजार में दिखाई देता है''। यदि सनसनी, विवाद, भावनात्मक उत्तेजना और उत्तेजक बहसों वाले कार्यक्रम लगातार ऊंची टीआरपी प्राप्त करते हैं, तो इसका अर्थ यही है कि दर्शकों का एक बड़ा वर्ग उन्हें देख भी रहा है। ऐसे में मीडिया की आलोचना करते समय दर्शकों की भूमिका को पूरी तरह नजरअंदाज करना वास्तविकता से आंख मूंदना होगा। क्या इसके लिए जनता भी दोषी नहीं है?

यह ठीक वैसा ही है जैसे कोई व्यक्ति मिठाई खरीद कर खाए और फिर केवल हलवाई को मधुमेह के लिए दोषी ठहरा दे।

''मीडिया की भी जिम्मेदारी कम नहीं'' । इसका अर्थ यह नहीं कि मीडिया अपनी जवाबदेही से मुक्त हो जाता है। पत्रकारिता केवल व्यवसाय नहीं, ''धर्म'' भी है। इसका उद्देश्य केवल दर्शकों की पसंद का पीछा करना नहीं, बल्कि समाज को तथ्यपरक, संतुलित और विश्वसनीय सूचना उपलब्ध कराने का सार्वजनिक दायित्व भी है। दर्शकों की कमजोरी को ''कैश'' करने लगे तो प्रेस का मूल उद्देश्य ही धराशायी हो जाएगा। लोकतंत्र में मीडिया समाज का दर्पण है, तमाशा नहीं। टीआरपी की अंधी दौड़ के चलते यदि समाचार, मनोरंजन और फूहड़ मजाक, व्यंग की रेखा धुंधली हो जाए, तथ्यों की जगह उत्तेजना ले ले और ''बहस'' की जगह ''शोर'' हावी हो जाए, एक कार्यक्रम का नाम ही ''हल्ला बोल'' ही है, दंगल, महाभारत, आर-पार है तो पत्रकारिता की साख ''मिट्टी में मिलना'' तय है।

शायद यही कारण है कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में दर्शक पारंपरिक टीवी मीडिया से हटकर डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की ओर आकर्षित हुए हैं। सूचना के स्रोत बढ़े हैं और दर्शकों के पास विकल्प भी।

'' टीवी दर्शकों के गिरते आंकड़े'' । हाल में ही अंजना ओम कश्यप ने ''हल्ला बोल'' कार्यक्रम में प्राइवेट कोचिंग इंस्टिट्यूट के मालिकों के संबंध में कोचिंग माफिया के संबोधन के साथ बहुत ही विवादित टिप्पणी की थी, जो ''आग की तरह'' वायरल हुई। इसका कारण भी टीआरपी बताया गया। लेकिन शायद यह पहली बार हुआ कि मीडिया के ''हल्ला बोल'' का जवाब सोशल मीडिया ने भी हल्ला बोल कर दिया।

टीवी चैनलस् खासकर मेनस्ट्रीम मीडिया, जिसे एक वर्ग ने गोदी मीडिया का नाम दिया, को संभल जाना चाहिए कि उनकी टीआरपी पिछले कुछ सालों में गिरकर कहां पहुंच गई है? लगभग 30 से 40 मिलियन दशकों की कमी पिछले 10 सालों में आई है और अगले 10 सालों में यह कमी 70 मिलियन तक पहुंचाने की आशंका है। दर्शकों का एक बड़ा वर्ग पलायन कर सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म की ओर चला गया है (लगभग चार गुना)।




**मेष राशि** : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको कोई नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है, दोनों के बीच रिश्ते में मधुरता बढ़ेगी। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब भी होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगाएं। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जाएगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज किसी प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो सफलता दिलाने में मददगार साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ कोई निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

**धनु राशिः** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकता है, इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में न करें। राजनीतिक से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्त्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें। विद्यार्थियों को किसी टॉपिक को समझने में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन आपके लिए परिवार के लिए खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# वैभव का आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए चयन तय

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बनेंगे

**एजेंसी, मुम्बई**



15 साल के भारते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टी20 टीम में चुना जाना तय नजर आ रहा है। वैभव ने पिछले कुछ समय में जैसी बल्लेबाजी की है। उससे उनको टीम से बाहर रखना संभव नजर नहीं आता। इंडियन प्रीमियर लीग वैभव ने सबसे ज्यादा रन बनाकर ऑरेंज कैप जीतकर अपने को साबित कर दिया है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ( बीसीसीआई) चयनकर्ता शनिवार शनिवार को मुंबई में होने वाली बैठक में टीम चयन के दौरान ही उनके नाम पर भी मोहर लगा सकते हैं। माना जा रहा है कि उन्हें इन दोनों टीमों के लिए शामिल किया जाएगा। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, "वैभव को पहली बार टीम इंडिया में मौका मिलने जा रहा है। चयनकर्ता 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक और उसी साल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए टीम तैयार कर रहे हैं।" वैभव ने आईपीएल से पहले अंडर 19 विश्वकप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार जीता था। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। आईपीएल में उन्होंने 237.30 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और 16 मैचों में कुल 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीत का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 16 मैचों में 72 छक्के लगाए। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा टी20 सीरीज या टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा हैं।

वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी को सचिन तेंदुलकर, पैट कमिंस सहित कई अन्य दिग्गज खिलाड़ियों ने भी प्रशंसा की है। वहीं अब वह टी20 में उतरते ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बनने जा रहे हैं। इससे पहले ये रिकार्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। सचिन ने 16 साल की उम्र में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था।

## ऋषभ पंत का ध्यान अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना

**एजेंसी, मोहाली**

पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का ध्यान अब शनिवार से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरु हो रहे एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करना है। ऋषभ इस मैच में लय हासिल कर आने आने वाली सीरीज के लिए अपनी दावेदारी पक्की करना चाहेंगे। इससे पहले आईपीएल में वह कप्तानी और बल्लेबाजी दोनो में असफल रहे थे जिसके बाद उनको लखनऊ सुपरजायंट्स की कप्तानी से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद उन्हें टेस्ट टीम की उपकप्तानी से भी



बाहर कर दिया गया है हालांकि वह इससे निराश नहीं हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट टीम में वह विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ही उतरेंगे। वहीं इस मैच से पहले भारत के सहायक कोच रयान टेन डोशेट ने कहा कि 28 साल के इस बल्लेबाज से चयनकर्ताओं से कोई समस्या नहीं है पर टीम प्रबंधन चाहता है कि वह अपनी बल्लेबाजी में पुरानी लय हासिल करें। डोशेट ने कहा, "लीडर बनने के लिए औपचारिक पद की जरूरत नहीं होती। हमें उनसे उम्मीद है कि वह अपनी बल्लेबाजी को हालातों के अनुसार ढालेंगे। उन्होंने उपकप्तानी से हटाए जाने पर कोई शिकायत भी नहीं की है।" इस क्रिकेटर ने टेस्ट उपकप्तानी के साथ-साथ लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी भी छोड़ दी। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट में चोटिल शुभमन गिल के नहीं होने पर कप्तानी की थी।

## पोलैंड की माजा च्वालिंस्का फ्रेंच ओपन टेनिस के फाइनल में पहुंची

**एजेंसी, पेरिस**



पोलैंड की माजा च्वालिंस्का ने फ्रेंच ओपन टेनिस 2026 के फाइनल में पहुंच गयी हैं। च्वालिंस्का ने इसी के साथ ही एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इसी के साथ ही वह किसी ग्रैंड स्लैम के खिताब मुकाबले में पहुंचने वाली पहली क्वालिफायर खिलाड़ी बन गयी हैं। च्वालिंस्का ने महिला एकल सेमीफाइनल में रूस की डायना श्नाइडर को दो घंटे से अधिक समय तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में सीधे सेटों में 7-6(4), 6-4 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी। च्वालिंस्का ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल नौ मैच जीते हैं। इनमें तीन मैच क्वालिफाइंग और छह मैच मुख्य ड्रॉ के हैं। इस प्रकार वह ओपन युग में किसी ग्रैंड स्लैम फाइनल तक पहुंचने वाली केवल दूसरी क्वालिफायर बनी हैं। इससे पहले, यह रिकार्ड ब्रिटेन की महिला टेनिस स्टार एम्मा राडुकानू ने साल 2021 अमेरिकी ओपन में किया था। सेमीफाइनल मुकाबले में च्वालिंस्का ने अपने अच्छे प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया।

## चानू की नजरे अगले माह होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों पर लगीं

**एजेंसी, नई दिल्ली** : भारत की ओलंपिक पदक विजेता और स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू का ध्यान अब 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों पर है। इन खेलों में वह अपने पसंदीदा 48 किग्रा वर्ग में उतरेंगी, जहां उन्हें स्वर्ण पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। राष्ट्रमंडल खेलों में उनका प्रदर्शन हमेशा ही बेहतरीन रहा है और वह एक बार फिर पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने की उम्मीद कर रही हैं। हाल ही में मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उन्होंने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा स्नैच और 116 किग्रा क्लीन एंड जर्क) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था, जो उनके फॉर्म को दर्शाता है। राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, चानू अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। एशियाई खेल उनके लिए एक नई चुनौती पेश करेंगे, क्योंकि इस टूर्नामेंट के लिए उन्हें 53 किग्रा वर्ग में उतरना होगा। इसके लिए उन्हें अपना वजन भी बढ़ाना होगा, जो किसी भी भारोत्तोलक के लिए एक महत्वपूर्ण समायोजन होता है। दिलचस्प बात यह है कि अपने शानदार करियर के बावजूद, मीराबाई चानू ने अब तक एशियाई खेलों में कोई पदक नहीं जीता है।

## सूर्यकुमार की जगह श्रेयर अय्यर बनेंगे भारतीय टी20 टीम के कप्तान

**एजेंसी, मुम्बई**

बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अब भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नये कप्तान बनने जा रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार गत दिवस भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की एपेक्स कमेटी की बैठक में श्रेयस को कप्तान बनाने पर अंतिम फैसला हो गया। श्रेयस को शनिवार को सूर्यकुमार यादव की जगह पर कप्तान बनाये जाने की घोषणा होगी। अय्यर शनिवार को बीसीसीआई की चयन बैठक में शामिल होंगे। इसमें आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम के साथ-साथ एशियाई खेलों के लिए भी टीम चयन होगा। ध्यान रहे कि श्रेयस ने अंतिम बार



दिसंबर 2023 में बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स की ओर से 498 रन बनाये थे। भारतीय टीम का लक्ष्य अब आयरलैंड के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा। उसे आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 मैच खेलने हैं। इसके बाद टीम इंग्लैंड में पांच टी20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। आयरलैंड के खिलाफ पहला टी20 मैच 26 जून को और दूसरा 28 जून को खेला जाएगा. एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई चयन समिति के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर और चयन समिति युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा को उपकप्तान बनाने तैयार है। गौरतलब है कि सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2026 का खिताब लगातार दूसरी बार जीता था पर उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह रन नहीं बना पाये।

# बिजनेस

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 682 अरब डॉलर पर, 11 महीने के आयात के लिए पर्याप्त

**एजेंसी, मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच शुक्रवार को कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर है, जो लगभग 11 महीनों के आयात के लिए पर्याप्त है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि विभिन्न नीतिगत पहल भुगतान संतुलन को मजबूत करने में मदद करेंगी। उन्होंने बताया कि इन उपायों में प्रमुख व्यापार साझेदारों के साथ हाल के समझौते, बीमा क्षेत्र में 100 फीसदी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति, इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम, ऊर्जा बदलाव को बढ़ावा, सीमावर्ती देशों के लिए एफडीआई नियमों में ढील, बाह्य यानी विदेशों से वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) ढांचे का उदारीकरण और



अन्य कदम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 मई, 2026 तक 682.3 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर था, जो लगभग 11 महीने के आयात और विदेशी ऋण (89.1 फीसदी) जैसे भंडार पर्याप्तता के मानकों के हिसाब से पर्याप्त है। आरबीआई के गवर्नर ने कहा कि हमारा विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी झटकों से सुरक्षा प्रदान करता है। हमारे पास नियामकीय तथा बाजार-आधारित कई साधन हैं, जिनसे जरूरत पड़ने पर प्रभावी कदम उठाए जा सकते हैं।

इस संदर्भ में हम सतर्क हैं और व्यवस्थित बाजार स्थिति बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक होगा करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक आवश्यकताओं को पूरा करने और मौद्रिक नीति के प्रभावी प्रसारण के लिए बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि 2025-26 में वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के बीच भारत ने ऊंचे शुल्क और व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं का सफलतापूर्वक सामना किया। गवर्नर ने कहा कि ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताएं वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के चालू खाते के घाटे के बढ़ने का जोखिम उत्पन्न करती हैं। उन्होंने कहा कि सेवा व्यापार में अधिशेष और विदेश से आने वाले धन प्रेषण कुछ राहत प्रदान करेंगे। इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद कई सप्ताह तक इसमें गिरावट आई। इसका कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और भारतीय रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा।

### आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर रखा बरकरारः संजय मल्होत्रा

**एजेंसी, नई दिल्ली** । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में बदलाव नहीं किया है। आरबीआई ने इसे 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। इससे होम और कार लोन महंगे नहीं होंगे तथा ईएमआई नहीं बढ़ेगी। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 3 दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की। मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने तटस्थ रुख को बरकरार रखते हुए चालू वित्त वर्ष की दूसरी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दर रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर यथावत रखा। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच हमें भरोसा है कि हम चुनौतियों से पार पाते हुए और मजबूती से उभर कर निकलेंगे। उन्होंने कहा, "इस साल के लिए रियल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान अब 6.6 फीसदी है।

## आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा महंगाई दर अनुमान बढ़ाकर 5.1 फीसदी किया

**एजेंसी, मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए खुदरा महंगाई दर के अनुमान को बढ़ाकर 5.1 फीसदी कर दिया। रिजर्व बैंक पहले इसके 4.6 फीसदी पर रहने का अनुमान जताया था। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जिंस कीमतों में झटके, मानसून को लेकर जारी अनिश्चितता और अल नीनो जैसी परिस्थितियों के कारण महंगाई दर बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। संजय मल्होत्रा ने जून मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि इसका मुख्य कारण ईंधन की बढ़ती कीमतों से कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी है। पेट्रोल की खुदरा कीमतों में मई से अब तक कुल 7.4 फीसदी और डीजल में 8.4 फीसदी की वृद्धि हुई



है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि खाद्य महंगाई में कुछ बढ़ोतरी हुई, जबकि मार्च और अप्रैल में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहने से ईंधन की महंगाई दर नियंत्रित रही।

उन्होंने बताया कि फरवरी में 3.2 फीसदी से थोड़ा बढ़ने के बावजूद मार्च और अप्रैल में कुल खुदरा महंगाई दर लक्ष्य से नीचे (क्रमशः 3.4 फीसदी और 3.5 फीसदी) रही। मुख्य महंगाई मार्च-अप्रैल के दौरान 3.7 फीसदी पर स्थिर रही। वहीं, कीमती धातुओं को छोड़कर मुख्य महंगाई इसी अवधि में और कम होकर 2.1-2.2 फीसदी रही। मल्होत्रा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें (भारत पर भार) अप्रैल-मई, 2026 के दौरान औसतन लगभग 110 डॉलर प्रति बैरल रही हैं। ऐसे संकेत हैं कि वित्त वर्ष 2026-27 में औसत कीमतें पिछली अनुमानित स्तर से काफी अधिक रहेंगी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों और कई कच्चे माल की लागत में बढ़ोतरी के कारण अप्रैल, 2026 में थोक महंगाई दर (डब्ल्यूपीआई) में तेज उछाल देखा गया। तिमाही आधार पर खुदरा महंगाई दर का अनुमान पहली तिमाही में 4.2 फीसदी, दूसरी में 5.1 फीसदी, तीसरी में 5.9 फीसदी और चौथी में 5.4 फीसदी लगाया गया है। साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 के लिए कुल महंगाई 4.7 फीसदी रहने का अनुमान है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के सामान्य से कम रहने के अनुमान और अल नीनो के कारण खाद्य परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है। उन्होंने कहा कि महंगाई बढ़ने के जोखिम बढ़े हैं, लेकिन मौद्रिक नीति समिति ने समीक्षा बैठक में अधिक स्पष्टता आने तक इंतजार करना उचित समझा है।

## आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर अनुमान घटाकर 6.6 फीसदी किया

**एजेंसी, मुंबई**

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने अप्रैल में जीडीपी की वृद्धि दर 6.9 फीसदी रहने का अनुमान जताया था। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को यहां चालू वित्त वर्ष की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि कई उच्च-आवृत्ति संकेतकों से पता चलता है कि संकट शुरू होने के बाद से




घरेलू आर्थिक गतिविधियां काफी हद तक स्थिर बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई से पता चलता है कि दोनों क्षेत्र मजबूत बने हुए हैं एवं व्यावसायिक अपेक्षाएं अब भी सकारात्मक हैं। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि मांग पक्ष पर निजी खपत अब तक मजबूत बनी हुई है। बढ़ती लागत के दबाव के बावजूद स्थिर निवेश ने भी अपनी गति बनाए रखी है। माल निर्यात में अप्रैल में ढुलाई और बीमा लागत के अधिक होने के बावजूद मजबूत वृद्धि दर्ज की। संजय मल्होत्रा ने कहा कि इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है। इसमें पहली तिमाही में इसके 6.6 फीसदी, दूसरी तिमाही में 6.3 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.5 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.8 फीसदी रहने का अनुमान है। मल्होत्रा ने कहा कि कुल मिलाकर आर्थिक स्थिति व्यापक रूप से मजबूत बनी हुई है।

## हरदीप पुरी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति से बातचीत की, रणनीतिक ऊर्जा साझेदारी को दोहराया

**एजेंसी, नई दिल्ली** । केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिग्ज गोमेज के साथ बातचीत की। इस दौरान पुरी ने वैश्विक तेल बाजार को प्रभावित करने वाली मौजूदा भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच दक्षिण अमेरिकी देश के साथ ऊर्जा सहयोग को मज़बूत करने के भारत के संकल्प को दोहराया। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी एलोइना रोड्रिगेज गोमेज से 4 जून को नई दिल्ली में मुलाकात की थी। इस बैठक में पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख तेल कंपनियों के चेयरमैन शामिल हुए। दोनों पक्षों ने तेल और गैस क्षेत्र में व्यापार, निवेश और सहयोग को शामिल करते हुए एक दीर्घकालिक और मजबूत ऊर्जा साझेदारी बनाने के अवसरों पर चर्चा की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और वेनेजुएला के बीच एक स्वाभाविक साझेदारी है, जिसकी जड़ें दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता में निहित हैं। उन्होंने वेनेजुएला में ऊर्जा क्षेत्र के पुनर्निर्माण के प्रति भारत के मजबूत समर्थन को दोहराते हुए कहा कि भारतीय कंपनियां वहां अपनी भागीदारी और उपस्थिति बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। भारत की ऊर्जा विविधीकरण रणनीति में वेनेजुएला की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए उन्होंने वेनेजुएला के साथ ऊर्जा व्यापार को और मजबूत करने की भारत की इच्छा व्यक्त की।

## विदेशी निवेशकों के लिए सरकारी बॉन्ड से होने वाली कमाई अब होगी टैक्स-फ्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने विदेशी निवेशकों की भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों से होने वाली आय और मुनाफ़े पर सभी तरह के टैक्स हटा दिए हैं। इस कदम का मकसद देश के सॉवरेन डेट मार्केट को ग्लोबल कैपिटल के लिए ज्यादा आकर्षक बनाना है। ये बदलाव 1 अप्रैल, 2026 से से लागू होंगे। केंद्र सरकार ने विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) में किए गए निवेश पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) को समाप्त करने का फैसला किया है। मंत्रालय के मुताबिक इस संबंध में एक अध्यादेश भी जारी किया गया




है। इसका मकसद देश में डॉलर के प्रवाह को बढ़ाना है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) को सरकारी सिक्योरिटीज (जी-सेक) से होने वाली ब्याज कमाई और कैपिटल गेंस (मुनाफे) पर टैक्स से पूरी छूट दे दी है। इसके लिए भारत सरकार 'आयकर (संशोधन) अध्यादेश, 2026' लेकर आई है, जिसे 5 जून को जारी किया गया। यह फैसला 1 अप्रैल से प्रभावी माना जाएगा। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में घोषणा की कि भारत के बाहर रहने वाले व्यक्तियों (पीआरओआई) को 'पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट स्कीम' के जरिए सूचीबद्ध भारतीय कंपनियों के शेयर प्रतिभूतियों में निवेश करने की अनुमति दी जाएगी। यह स्कीम पहले सिर्फ एनआआई/ओसीआई के लिए उपलब्ध थी। मंत्रालय के मुताबिक इस अध्यादेश के जरिये आयकर अधिनियम में संशोधन कर यह छूट प्रदान की गई है।

फिल्म

## एनिमेटेड सीरीज बाहुबली-क्राउन ऑफ ब्लड का ट्रेलर हुआ रिलीज, अनदेखी कहानियों का होगा खुलासा



सा साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म बाहुबली ने इउंटरनेशनल लेवल पर इतिहास रचा था. इस फिल्म की कहानी को लेकर आज भी दर्शकों में रोमांच कायम है. वहीं पहले भाग की रिलीज के बाद एक इंटरनेशनल सवाल बन गया था कि कटप्पा ने बाहुबली को क्यों मारा ? फिल्म के दूसरे भाग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था. अब ओटीटी पर बाहुबली अलग अवतार में आने वाली है. एसएस राजामौली की ये फिल्म अब एक एनिमेटेड सीरीज में रिलीज होगी. इसका नाम बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड रखा गया है. शो का ट्रेलर लॉन्च किया गया है. इसे मेकर्स फिल्म का प्रीक्वल बता रहे हैं. माहिष्मती साम्राज्य पर आधारित ये सीरीज जल्द ही ओटीटी प्लैटफॉर्म हॉटस्टार पर आने वाली है. इसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है. नया एनिमेटेड प्रोजेक्ट फिल्म फ्रेंचाइजी का प्रीक्वल है. एक बयान के अनुसार, बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड, एक ऐसी कहानी है जहां बाहुबली और भल्लालदेव महिष्मति के महान साम्राज्य को बचाने के लिए साथ लड़ते हैं. दोनों भाई अपनी खटास भूलकर रक्तदेव नाम के रहस्यमय सरदार के खिलाफ सिंहासन की रक्षा के लिए हाथ मिलाते हैं. सीरीज देखकर दर्शक एक्साइटमेंट से भर गए हैं. फिल्म में प्रभास, राणा दग्गुबाती, अनुष्का शेट्टी और तमन्ना भाटिया ने अभिनय किया था. एनिमेटेड सीरीज में भी किरदार हूबहू इनके चेहरे से मिले-जुले बनाए गए हैं. हमें प्रभास और राणा दग्गुबाती की झलक देखने को मिलती है.पावर-पैक एक्शन सीरीज़ 17 मई 2024 से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है. बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड के निर्माता राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत विशाल है, और फिल्म फ्रेंचाइजी इसका सटीक परिचय थी. यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव के एक काले रहस्य को उजागर करेगी क्योंकि दोनों भाइयों ने मिलकर माहिष्मती को बचाया था. हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय को पेश करके और इस कहानी को एनिमेटेड प्रारूप में लाकर बेहद खुश हैं.

# 'कुबेरा' रिलीज की तारीख की घोषणा: धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, जिम सर्भ और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 20 जून को सिनेमाघरों में आएगी

शे शेखर कम्मुला द्वारा निर्देशित एक बहुप्रतीक्षित सामाजिक नाटक कुबेर ने दर्शकों का ध्यान खींचा है। फिल्म में धनुष के किरदार के हालिया खुलासे ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है, जिससे इसकी रिलीज की प्रत्याशा बढ़ गई है। अब किंग नागार्जुन अक्किनेनी का आधिकारिक फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जिसका प्रीमियर आज विशेष रूप से स्टार स्पोर्ट्स पर किया गया। निर्माताओं ने फिल्म कुबेर से नागार्जुन का पहला लुक जारी किया। वीडियो में अभिनेता साधारण लेकिन आकर्षक लगे। वह हाथ में छाता लिए एक ट्रक के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। पहली झलक में कैश से भरा एक भारी कंटेनर नजर आ रहा है। चूंकि बारिश हो रही है इसलिए नागार्जुन छाता लेकर पहुंचते हैं। जब वह 500 का नोट जमीन पर गिरा हुआ देखते हैं तो वह अपने बटुए से दूसरा नोट निकालते हैं और ट्रक में रख देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि फिल्म में नागार्जुन एक ईमानदार अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि, पहली नजर में उनके किरदार के अन्य विवरण सामने नहीं आए हैं। देवी श्री प्रसाद ने क्लिप के लिए एक शानदार बीजीएम स्कोर किया। कुशल निर्माता शेखर कम्मुला धनुष और नागार्जुन को विपरीत भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। जहां फर्स्ट लुक में धनुष एक गरीब लड़के के गेट-अप में नजर आए, वहीं नागार्जुन अपने फर्स्ट लुक पोस्टर में बेहद क्लासी लगे। सुनील नारंग और पुस्कुर राम मोहन राव द्वारा निर्मित फिल्म कुबेर में रश्मिका मंदाना की भूमिका भी काफी महत्वपूर्ण बताई जा रही है। कुबेर एक पैन इंडिया फिल्म है जिसमें धनुष, नागार्जुन अक्किनेनी, रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म के जरिए निर्देशक शेखर कम्मुला और धनुष पहली बार साथ काम कर रहे हैं। कुबेर में संगीत देवी श्री प्रसाद ने दिया है और सिनेमैटोग्राफी निकेथ बोम्मी ने की है।



## फुरकत गाने के बारे में नेहा भसीन ने किया खुलासा, कहा- मेरा जुनून पोएटिक म्यूजिक वीडियो बनाना

सिं सिंगर नेहा भसीन ने अपने लेटेस्ट सॉन्ग फुरकत के बारे में खुलासा करते हुए बताया कि पोएटिक म्यूजिक वीडियो (काव्यात्मक संगीत वीडियो) बनाना मेरा जुनून है। उन्होंने कहा कि उन्हें संगीत बनाना काफी पसंद है, और पोएटिक म्यूजिक वीडियो बनाना उनका जुनून है। नेहा ने कहा, मुझे म्यूजिक बनाना बेहद पसंद है और आइकोनिक और लुभावने म्यूजिक वीडियो बनाना मेरा जुनून है। मेरे लिए म्यूजिक विजुअल भी है। फुरकत की शूटिंग महाराष्ट्र में वाई के खूबसूरत जगहों पर की गई है। जूनो द्वारा लिखे गए लिरिक्स अलगाव और एकतरफा प्यार की थीम को एक्सप्लोर करते हैं। गाने में लोकेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें बंजर पहाड़ तनहाई और तबाही की भावनाओं को चित्रित करते हैं। धूप से चमकती झील और बड़े लैंडस्केप दिल के दर्द को बयां करते हैं। इसमें नेहा अपने ट्रेडमार्क हाई-फैशन आउटफिट्स से गाने का भाव व्यक्त करती हैं। सिंगर ने कहा, समीर उद्दीन के निर्देशन में परफॉर्म करना एक शानदार अनुभव था। मेरे लिए, फैशन आर्ट है, और फुरकत की शानदार कम्पोजिशन है, और अब सारी मेहनत रंग ला रही है। नेहा के अलावा, गाने में इंडियाज बेस्ट डांसर सीजन 2 की विजेता युवा प्रतिभा सौम्या कांबले बेली डांस करती नजर आएंगी। कांबले के बारे में बात करते हुए, नेहा ने कहा, फैंस खुश हैं, और सौम्या जैसी युवा प्रतिभा को प्रदर्शित करना सौभाग्य की बात है।



## पहलाज निहलानी का अंतिम संस्कार: रो पड़े गोविंदा, लड़खड़ाते दिखे शत्रुघ्न सिन्हा, पिता डेविड को वरुण ने संभाला

बॉ बॉलीवुड के अनुभवी फिल्म प्रड्यूसर पहलाज निहलानी पंचतत्व में विलीन हो गए। उनका अंतिम संस्कार मुंबई के सांताक्रूज हिंदू श्मशान घाट में किया गया, जहां उन्हें आखिरी श्रद्धांजलि देने के लिए फिल्मी सितारों की भीड़ जुट गई थी। 90 के दशक में बॉलीवुड के दिग्गज फिल्म निर्माताओं में से एक निहलानी का निधन आज गुरुवार 4 जून को हुआ, वो 76 साल के थे। कभी गोविंदा जैसे एक्टर को स्टार बनाने वाले पहलाज को आखिरी बार देखने और उन्हें हमेशा के लिए विदा करने गोविंदा भी पहुंचे। इस मौके पर फरहान अख्तर, शत्रुघ्न सिन्हा, नीलम, डेविड धवन, वरुण धवन, बोनी कपूर और सैफ अली खान समेत कई फिल्मी दिग्गज उनके अंतिम दर्शन करने पहुंचे। मलाइका अरोड़ा अपने बेटे अरहान और बहन अमृता के साथ उन्हें आखिरी विदाई देने पहुंची थीं। उन्होंने आखिरी विदाई देते हुए गोविंदा ने भावुक होते हुए उन्हें याद करते हुए कहा, 'परम आदरणीय पहलाज निहलानी जी, हमारे नींव के पत्थर थे, मैं और मुझ जैसे कई ऐसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें आपका सहयोग रहा। देश में कम से कम एक आध दर्जन ऐसे कलाकार रहे होंगे, पहलाज निहलानी साहब ने जमीन से आसमान तक पहुंचाने का काम किया। सम्पूर्ण सिंधी समाज का और आदरणीय पहलाज निहलानी जी को, हम प्रणाम करते हैं, प्रार्थना करते हैं ईश्वर आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें।' परम आदरणीय पहलाज निहलानी जी, हमारे नींव के पत्थर थे, मैं और मुझ जैसे कई ऐसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें आपका सहयोग रहा। देश में कम से कम एक आध दर्जन ऐसे कलाकार रहे होंगे, पहलाज निहलानी साहब ने जमीन से आसमान तक पहुंचाने का काम किया। इस मौके पर वरुण धवन गोविंदा के पैर छूते हुए कैमरे में कैप्चर हुए। सोशल मीडिया पर इस मौके का वीडियो भी सामने आया है। वहीं वरुण धवन का एक और वीडियो सामने आया है जिसमें वो अपने पापा डेविड धवन का हाथ थामकर उन्हें सीढ़ियों से उतारते नजर आ रहे हैं। वहीं पहलाज निलहानी का जन्म 10 जनवरी, 1950 को हुआ था। उन्होंने फिल्म निर्माता के तौर अपने करियर की शुरुआत 1982 में आई फ़िल्म 'हथकड़ी' से की थी। उन्हें 1986 में आई फिल्म 'इल्ज़ाम' के जरिए गोविंदा को पहला बड़ा मौका देने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने 1987 की फिल्म 'आग ही आग' के जरिए चंकी पांडे को भी फिल्मों में कदम रखने का मौका किया। निलहानी की फिल्मों में 'शोला और शबनम', 'आंखें', 'दिल तेरा दीवाना', 'तलाश' और 'रंगीला राजा' शामिल हैं। जनवरी 2015 में निहलानी को सीबीएफसी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल अगस्त 2017 तक रहा। इस दौरान फिल्मों में किसी दृश्य को हटाने, अस्वीकरण तथा प्रमाणन संबंधी फैसलों को लेकर फिल्मकारों के साथ उनकी बार-बार टकराव की स्थिति बनी रहती थी। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कुछ सख्त नए दिशा-निर्देश लागू किए, जिनके तहत 'ए' रेटेड फ़िल्मों में भी कुछ अपशब्दों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई।



## भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा ने लाल साड़ी में दिखाया कातिलाना अंदाज तस्वीरें हो रही हैं वायरल



भो भोजपुरी इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना मोनालिसा आए दिन अपने लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। टीवी की सुपरबोल्ड एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण इंटरनेट पर लाइमलाइट में रहती हैं। उनकी हर एक तस्वीरें चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों को देखकर लोग उन पर से नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मोनालिसा ने रेड कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर खंजर चलाती हुई नजरह आ रही हैं। ओपन हेयर, गले में गोल्ड के बड़े से नेकलेस, कानों में झुमकें और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मोनालिसा की इन तस्वीरों को देखकर फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थक रहे हैं। साथ ही कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस भी दे रहे हैं। एक यूजर ने मोनालिसा की फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है बेहद खूबसूरत हैं आप, वहीं दूसरे ने लिखा है- सो अमेजिंग। तीसरे यूजर ने लिखा है- मोना की हर अदाएं कातिल हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।



## रणवीर सिंह के हाथ लगा बड़ा प्रोजेक्ट, साउथ इंडस्ट्री के ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर प्रशांत वर्मा संग करेंगे राक्षस

र रणवीर सिंह के पास कुछ फिल्में हैं और वह इन दिनों अधिक फिल्में साइन कर रहें हैं और अधिक स्क्रिप्ट सुन रहें हैं। अपने नए प्रोजेक्ट्स के अलावा रणवीर, दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी की खबरों और अपने वायरल डीपफेक वीडियो को लेकर भी सुर्खियों में हैं। बता दें कि ये बॉलीवुड कपल अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहें हैं। जबकि रणवीर अपने ब्रांड शूट और अन्य कार्यों में बिजी हैं। अब एक फेमस साउथ इंडस्ट्री फिल्म डायरेक्टर के साथ राक्षस नामक एक नई फिल्म साइन करने की खबर सामने आई है।





एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रणवीर सिंह भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित एक फिल्म के लिए हनुमैन फेम प्रशांत वर्मा के साथ बातचीत कर रहें हैं। फ़िल्म पर चर्चा तब चल रही थी जब वह नए प्रोजेक्ट, राक्षस पर काम शुरू करने के लिए लोकप्रिय स्टूडियोज़ को लाने की कोशिश कर रहे थे। नई रिपोर्टों में कहा गया कि उन्हें पुष्पा, पुष्पा 2, उप्पेना, सरकारू वारी पाटा, कुशी और कई अन्य फिल्मों के लिए फेमस माइथ्री मूवी मेकर्स से समर्थन मिला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म राक्षस प्रशांत सिनेमाई ब्रह्मांड से संबंधित है। निर्देशक कई पात्रों को पेश करने और उन सभी को एक अंतिम फिल्म में एक साथ लाने की योजना बना रहें हैं। बताया गया कि राक्षस की स्क्रिप्टिंग और विज़ुअलाइज़ेशन पहले ही पूरी हो चुकी है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया कि रणवीर और प्रशांत ने हनुमान जयंती के अवसर पर राक्षसों के लिए पूजा भी की थी। रणवीर सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो फरहान अख्तर और एक्सेल एंटरटेनमेंट ने घोषणा की कि रणवीर कियारा आडवाणी के साथ डॉन 3 के लिए शाहरुख खान की जगह लेंगे। हाल ही में खबरें सामने आई कि फरहान ने इस फिल्म को कुछ समय के लिए ठंडे बस्ते में डाल दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उनके पास एस शंकर की एक फिल्म है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह अन्नियन की रीमेक है। माना जाता है कि वह शक्तिमान पर एक फिल्म के लिए बातचीत कर रहें हैं। उनकी अगली फिल्म रोहित शेट्टी के साथ सिंघम अगेन है।

## सुपरस्टार अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग हुई शुरु खिलाड़ी ने शेयर किया मजेदार वीडियो

बॉ बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार बैक टू बैक फ्लॉप फिल्मों दे रहे हैं. पिछले तीन सालों में ओएमजी 2 को छोड़ दे तो उन्होंने कोई बड़ी हिट फिल्म नहीं दी है. हाल ही में अक्षय कुमार बड़े मियां, छोटी मियां में नजर आए थे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत अच्छी की. लेकिन एक हफ्ते बाद की यह फ्लॉप हो गई. इससे पहले अक्षय कुमार मिशन रानीगंज लेकर आए थे. यह फिल्म भी बुरी तरह से फ्लॉप साबित हुई. लगातार फ्लॉप फिल्मों के बीच अब अक्षय कुमार ने अपनी एक और फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. उनकी यह फिल्म सात पहले आई फिल्म का रीमेक है. दरअसल अक्षय कुमार ने जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर दी है. इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2013 में आई थी. जिसमें अरशद वारसी मुख्य भूमिका में थे. जिसका निर्देशन सुभाष कपूर ने किया था. इस फिल्म की शानदांर सफलता के बाद सुभाष कपूर साल 2017 में अक्षय कुमार के साथ जॉली एलएलबी 2 लेकर आए. इस फिल्म ने भी बॉक्स ऑफिस बेहतरीन कमाई की थी. दोनों फिल्मों की सफलता के बाद अब जॉली एलएलबी 3 लेकर आ रहे हैं. इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दिया गया है. जॉली एलएलबी 3 में इस बार अक्षय कुमार के साथ अरशद वारसी भी नजर आने वाले हैं. एक्टर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है. जिसमें अक्षय कुमार और अरशद वारसी दोनों जॉली एलएलबी के रोल में दिख रहे हैं. वहीं जज के रोल में नजर आ रहे हैं सौरभ शुक्ला बता रहे हैं कि जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू हो गई है. हालांकि यह फिल्म कब रिलीज होगी इसका अभी घोषणा नहीं हुई है. सोशल मीडिया पर अक्षय कुमार, अरशद वारसी और सौरभ शुक्ला का यह वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं.



## Chemotherapy drug supply crisis hits cancer care

**New Delhi, Agency:** Cancer patients across India are scrambling to procure two life-saving chemotherapy drugs as a shortage of Cisplatin and Carboplatin begins to disrupt treatment schedules. Doctors at AIIMS Delhi, private hospitals and cancer centres across the country warn that prolonged shortages could affect outcomes for patients undergoing curative treatment.

Hospitals are reporting dwindling stocks, while patients and their families are being forced to hunt for pharmacies and distributors which have the drugs.

"The situation is pretty serious. We have barely one or two days' supply left at the hospital. Patients are frantically searching and trying to arrange the drugs themselves," said Dr Shyam Aggarwal, chairman, Medical Oncology, Sir Ganga Ram Hospital. The medicines are used in treatment of several common cancers, including those of the lung, ovary, cervix, breast, oral cavity, oesophagus, testes and gallbladder.

Dr M D Ray, surgical oncologist at AIIMS Delhi, said, "The absence of the drugs can disrupt treatment plans and may ultimately affect survival and recurrence rates.

## Fire breaks out at Tata Communications office in Delhi's Greater Kailash



**New Delhi, Agency :** Blaze broke out in a battery room on the third floor of an office building in South Delhi's Greater Kailash-I early Friday morning, prompting the deployment of 11 fire tenders, officials said.

The Delhi Fire Services (DFS) received a call about the fire at around 2.47am from the Tata Communications office located opposite Savitri Cinema, according to an official statement.

The fire was confined to the battery room, spread across nearly 200 sq ft on the third floor of the multi-storey building, officials said.

During the firefighting operation, two firefighters suffered burn injuries to their hands and were shifted to Safdarjung Hospital for treatment.

The blaze was brought under control by around 7am, following which cooling operations were carried out to prevent any possibility of reignition.

Officials said the building comprises a ground floor and five upper floors. No civilian injuries or casualties were reported in the incident.

The cause of the fire is yet to be ascertained. Further details are awaited, officials added.

## No woman in Karnataka cabinet: How CM DK Shivakumar responded to criticism'



**New Delhi, Agency:** Facing criticism over the absence of women in his newly constituted Cabinet, Karnataka chief minister D K Shivakumar on Thursday assured that more ministers would be inducted and that women would get representation in the government in due course. Shivakumar took oath as chief minister on Wednesday along with 13 ministers. With the Karnataka council of ministers permitted to have a maximum strength of 34 members, including the chief minister, several berths remain vacant. Responding to criticism from the BJP regarding the lack of women ministers, Shivakumar said, "Let them (BJP) wait; there are a lot of vacancies. Last time, too, there were no women in the first round. We are all there," he was quoted as saying by news agency PTI. Emphasising his party's record on women's welfare, he added, "We have set a model in the country." The issue has drawn criticism not only from the opposition but also from within the Congress. Leader of the opposition R Ashoka questioned the government's decision to leave women out of the first round of cabinet expansion.

Senior Congress leader Margaret Alva also voiced concern over the composition of the ministry. In a post on X, she said, "Congratulations to DK Shivakumar on being sworn in as Karnataka CM. I wish him and his team success. I would have loved to see at least one Congress woman in the new Karnataka Cabinet sworn in today. Deeply disappointed that there isn't one."

Of the 13 ministers sworn in, 11 had served in the previous Siddaramaiah-led government. MLC Yathindra Siddaramaiah, son of former chief minister Siddaramaiah, and U T Khader, who recently stepped down as Speaker of the Legislative Assembly, were the only new entrants to the cabinet.

# Coal India Marks Environment Day with Green Drive in Kolkata

**Kolkata:** Coal India Limited (CIL) celebrated World Environment Day 2026 at its Corporate Headquarters in Kolkata with a series of activities focused on sustainability, environmental responsibility, and climate action. The event was organized under the global theme, "Inspired by Nature. For Climate. For Our Future."

The celebrations began with the hoisting of the Environment Flag by Chairman B. Sairam in the presence of Director (HR) Dr. Vinay Ranjan, Director (Technical) Achyut Ghatak, Chief Vigilance Officer



Brajesh Kumar Tripathy, senior officials, and members of the Coal India Ladies Organisation Welfare Society (CILOWS).

Director (Technical) Achyut Ghatak and CVO Brajesh Kumar Tripathy administered the Environment Day Pledge to employees in English and Hindi, reaffirming the organization's commitment to environmental stewardship.A booklet titled "Mission Green 2026," showcasing Coal India's environmental initiatives and sustainability efforts, was also unveiled during the programme. Women contractual workers were felicitated by CILOWS members for their contributions.Addressing the gathering, Chairman B. Sairam emphasized the need to balance the nation's growing energy demands with environmental protection and advocated the responsible use of energy resources. The event concluded with a sapling plantation drive led by the Chairman, Functional Directors, and office-bearers of CILOWS.




**Sanctoria :** Eastern Coalfields Limited (ECL) marked World Environment Day 2026 at Mahatma Gandhi Udyan, ECL Headquarters, with a strong focus on sustainability, environmental stewardship, and community welfare. The programme was organized under the global theme, "Inspired by Nature. For Climate. For Our Future."

The event was attended by ECL Chairman-cum-Managing Director Satish Jha, Director (Finance) Md. Anzar Alam, Director (HR) Gunjan Kumar Sinha, Director (Technical/P&P) Girish Gopinathan Nair, senior officials, employees, and members of the ECL family.

Addressing the gathering, CMD Satish Jha stressed that environmental responsibility should extend beyond a one-day observance and evolve into a year-long mission with measurable outcomes. He encouraged employees and their families to undertake geo-tagged plantation drives and ensure proper monitoring and survival of saplings. To promote active participation, he announced a cash award of ?25,000 for the most impactful and verifiable plantation initiative during the year.The CMD also unveiled ECL's four key environmental priorities for the coming year: expansion of geo-tagged plantations, increased utilization of plastic waste for products such as paver blocks and sleepers, greater use of treated mine water for community drinking water supply, and scientific e-waste management along with regular cleanliness drives.

The programme featured flag hoisting, plantation activities, an environmental pledge, awareness competitions, and prize distribution. The event concluded with a collective commitment to cleaner operations, greener mining zones, responsible resource management, and sustainable environmental action throughout the year.



## India, UK launch initiatives for minerals, maritime cooperation

**New Delhi, Agency:** As UK foreign secretary Yvette Cooper visited India Thursday, both sides announced the launch of a Critical Minerals Global Supply Chain Observatory, marking, as an Indian readout said, a significant milestone in their growing partnership on critical minerals and supply chain resilience.

In another significant takeaway, India and UK also signed an MoU for setting up a Regional Maritime Security Centre of Excellence, which will help Indian Ocean states build capacity to address non-traditional maritime security threats. Cooper also met her counterpart S Jaishankar and called on PM Modi. The two sides reviewed ongoing progress in bilateral cooperation focusing on trade, technology, supply chains, defence, climate, education and people-to-people ties.

Jaishankar told Cooper in the meeting that the two countries are well-positioned to construct a new future-oriented and mutually beneficial partnership on the back of their newly firmed-up comprehensive trade deal and the defence industrial roadmap. He also said in a post on X later that they spoke about new opportunities in clean energy, AI and critical minerals while exchanging views on global developments, including in Ukraine, West Asia and the Indo-Pacific.

## DU assistant professor murdered at home in east Delhi



**New Delhi, Agency:** A 42-year-old assistant professor at Delhi University was found murdered at her apartment in east Delhi's Vasundhara Enclave on Thursday afternoon. Debosmita Paul taught in the Department of English at Shivaji College. She lived alone in a flat at Satyam Apartment while her parents resided nearby. Police said a PCR call was received at New Ashok Nagar police station at 2.35pm from the victim's sister, Devarati Paul (49), who reported her sister had been murdered at her residence. "Devarati had been trying to contact Debosmita throughout the day, but her calls went unanswered," a senior police officer said.

**DU prof attacked with blunt object:** Concerned, she went to the apartment and found the flat locked from outside. Suspecting something was wrong, she broke open the lock and discovered her sister lying dead inside," the officer added.

A police team rushed to the spot and found the victim on a bed with severe head injuries. Preliminary investigation suggests she was attacked with a blunt object. Cops also found injuries on her hands, indicating that a sharp-edged weapon may also have been used during the assault. Paul was a well-regarded academic whose areas of interest included partition studies, Indian literature, post-colonial literature and translation studies, according to the official website of the college. She completed her PhD from Jamia Millia Islamia in 2016 and had earlier earned her MPhil from the same institution. She completed her postgraduate studies from Barkatullah University and graduated from Maharaja Agrasen College.

Investigators said at present, robbery did not appear to be the likely motive though it hasn't been ruled out. "The earrings she was wearing were found intact and no items have been reported missing so far," another senior police officer added.

## We are no longer part of INDIA bloc: DMK:CHENNAI



**New Delhi, Agency:** DMK is no longer part of INDIA bloc, party spokesperson TKS Elangovan said on Thursday. He made the statement to Media, hours after DMK headquarters issued a press statement saying the party would not participate in the alliance meeting to be held in Delhi on June 8.

The decision came after Congress, a long-time DMK ally, severed its ties with the Dravidian party to join the TVK-led govt in Tamil Nadu. "DMK cadres were upset at Congress betraying the party after the assembly election. To give respect to their sentiments, DMK will not participate in the INDIA bloc meeting. In short, DMK will not participate in the meeting in which Congress participates," it said in a statement.

DMK functionaries said its MPs would, however, support other parties in the alliance when they raised issues affecting the common good. Earlier, there were rumours that DMK might not be invited for the meeting in Delhi since it was unsure whether it was still in the bloc. The party had got an invitation.

Meanwhile, PTI reported that Lok Sabha secretariat had approved DMK MPs being seated away from Congress members.

The move came after DMK's Kanimozhi Karunanidhi wrote to Speaker Om Birla requesting a change in the seating arrangement in view of the changed political circumstances. DMK MPs are yet to be assigned new seats.

Congress, which contested 28 seats as part of the DMK-led alliance and won five, supported the C Joseph Vijay-led govt in return for two ministerial berths. DMK functionaries called this action "backstabbing" and "betrayal".

## Four injured in Nabi Karim LPG fire

***basement blaze erupts in Humayunpur***



**New Delhi, Agency:** Two separate fire-related incidents were reported in the city on Thursday, leaving four people injured in one of the cases.

The first incident occurred in central Delhi's Nabi Karim, where four people suffered injuries after a fire broke out while an LPG cylinder was being replaced at a tea stall operating from a small room. Police said a PCR call was received at 9.29 am.

Preliminary inquiry revealed that Sarita, 35, who runs the tea stall, asked a man, Krishna, 37, to change the cylinder. While the regulator was being opened, a sudden fire erupted, injuring Sarita, Krishna, a customer, Ajay, 19, and Zafir, 35, a passer-by. All were rushed to RML Hospital, where they are undergoing treatment.

In a separate incident, a fire broke out in the locked basement of a building in Humayunpur village, near Safdarjung Enclave. The basement, which earlier housed a café and is now used as a storage space, caught fire around 7.06 pm. No injuries were reported. A short circuit is suspected, said police.